CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 77,414.92
निफ्टी 23,519.35
सोना 92,115
चांदी 1,04,000

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 30 मार्च 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# म्यांमार त्रासदी: मौत का आंकड़ा 1644 पहुंचा

## 3400 घायल, म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप आए

नेपीदा, वार्ता




■ यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे को आशंका, 10 हजार से ज्यादा हो सकता है मौत का आंकड़ा

■ पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक लोग लापता

**म्यांमार में** शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है।

भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,644 हो चुका है, जबकि 3400 से ज्यादा लोग घायल हैं। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा है। चीन की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डाक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिलवाया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डाक्टरों को हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं।

### भारत ने म्यांमार के लिए सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि वायुसेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

### मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से बात कर एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण भूकंप से तबाह म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग फ्लाइंग से बात कर कहा है कि भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और राहत सामग्री के साथ-साथ बचाव अभियान में भी मदद कर रहा है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग फ्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 मेडिकल स्टाफ

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीदा में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर

सुकमा, वार्ता

■ इंसॉस और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद दो जवान भी घायल

**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जनपद में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 17 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।




### सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार भारत में कल मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी में ईद का चांद नजर आ गया है। सऊदी अरब में अब 30 मार्च (आज) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने का लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हुआ और ईद का चांद नजर आ गया। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद नजर आएगा और ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पहले सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था, तो वहीं, भारत में रमजान की शुरुआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है और हर हिजरी महीने की शुरुआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना में 36.9 करोड़ कार्ड बने

**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

# डिजिटल अरेस्ट में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

बेंगलुरु, वार्ता

■ ठगों ने कर्नाटक में दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**कर्नाटक के** बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपति ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपये की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपति से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उन्होंने दंपति को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपये ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है। ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल -शेष पृष्ठ दो पर

# प. बंगाल के मालदा में हिंसा 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद




■ उपद्रवियों ने दुकानें- गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

# यूपी में यकायक बदला मौसम का मिजाज

■ पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चलीं

**लखनऊ।** उप्र में एक बार फिर से मौसम ने यू-टर्न लिया है। शनिवार की सुबह से पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार की आंधी रात को कई जिलों में धूल भरी हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। देश के दूसरे राज्यों में हुए मौसम का बदलाव भी यहां देखने को मिल रहा है। प्रदेश में बीते दो से तीन दिनों में चुभने और जलने वाली गर्मी पड़ी थी। कई जिलों में तापमान 40 के आसपास पहुंच गया था। शुक्रवार को प्रयागराज और हमीरपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और लू जैसी स्थितियां रहीं। कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वाराणसी, सुल्तानपुर, अमेठी जैसे शहरों में भी उष्ण दिवस रहा और तपिश से लोग बेहाल रहे। हालांकि 30 से 40 किमी रफ्तार से चली पछुआ के असर से तीखी गर्मी और तपिश बर्दाश्त करने लायक रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को भी पछुआ की रफ्तार बनी रहेगी और पारे में थोड़ी सी गिरावट आएगी और तात्कालिक तौर पर तपिश से थोड़ी राहत मिलेगी। सोमवार से गर्मी फिर से सिर उठाएगी। अप्रैल की शुरुआत तपिश भरी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के साथ होगी।

# कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई में तीन नए केस दर्ज



**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।

# नदियों की हालत देख चिंता होती है: जस्टिस नाथ

## दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर कहा: बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हर रोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो। शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे। जस्टिस नाथ ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए। हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है।






## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत-2082 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। अपने बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपा. सना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। बासंतीय नवरात्रि की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, एक नए उत्साह के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

### जामिया में नमाज पर प्रतिबंध, एमएमयू ने की निंदा

**श्रीनगर।** मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-कद्र और जुमात-उल- विदा की नमाज की अनुमति नहीं देने और कश्मीर के प्रमुख मौजवी मीरवाइज उमर फारूक को घर में नजरबंद किए जाने की कड़ी निंदा की और इसे क्षेत्र में मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में खुला हस्तक्षेप बताया। एमएमयू जम्मू-कश्मीर में 45 धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधि मंच है, जिसका नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक करते हैं। एमएमयू ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि जहां युद्धग्रस्त क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों सहित दुनिया के हर हिस्से में लोगों को इन पवित्र प्रार्थनाओं को शांतिपूर्वक करने के लिए इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, वहीं केवल कश्मीर में मुसलमानों की सबसे बड़ी सभा को जानबूझकर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और यह जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने और उन पर अंकुश लगाने की नीति को प्रदर्शित करता है।

### वक्फ बिल को लेकर तनाव फैलाना खतरनाक: कलराज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वक्फ बोर्ड विधेयक को राजनी. तिक स्वरूप देकर इस पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की को. शिश करना देश के लिए खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मिश्र ने बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि वक्फ बोर्ड का जो विधेयक लाया जा रहा है। उस विधेयक को विरोधी दल एक धर्म का विधेयक मानकर उसका राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधी दल इसे राजनीति से प्रेरित होकर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह कोई धर्म विधेयक नहीं है। हमेशा से कानून के दृष्टिकोण से सुधार करने करने के लिए विधेयक लाए जाते रहे हैं और समय-समय पर कानून में संशोधन भी हुए हैं, उसी प्रक्रिया के तहत यह विधेयक लाया गया है।

# एयरफोर्स के इंजीनियर की हत्या

**प्रयागराज, वार्ता**



■ प्रयागराज में घर में घुसकर मारी गोली

भारतीय वायु सेना के इंजीनियर की घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और वायुसेना दोनों पारिवारिक रंजिश का एंगल, विभाग की रंजिश के एंगल समेत कई एंगल पर जांच कर रही हैं। चीफ इंजीनियर का नाम एसएन मिश्रा है। उन्हें जब गोली मारी गइ, तब वह घर में सोए हुए थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हत्या की यह वारदात सुबह करीब तीन बजे हुई। अज्ञात हमलावर ने बाहरी खिड़की से गोली मार दी।

घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली इलाके में स्थित कॉलोनी की है। पुलिस को शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की आशंका लग रही है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के साथ-साथ वायुसेना भी इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बम्हरौली इलाके में स्थित एयरफोर्स कॉलोनी में एसएन मिश्रा अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब तीन बजे कुछ लोग घर की खिड़की पर पहुंचे। ऐसे में जैसे ही मिश्रा ने खिड़की खोली, हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए, तो उन्होंने देखा कि मिश्रा जमीन में लहूलुहान पड़े थे। मिश्रा को तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए। मिश्रा के कमरे को भी सील कर दिया गया है। वायुसेना ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा आसपास के सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर हमलावरों का पता लगा रही है।

# नई पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

मुर्मू ने शनिवार को यहां 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें उनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर यथासंभव अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों के स्कूल, कॉलेज और करियर की चिंता के साथ साथ यह यह भी सोचना होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवे. दनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि संवर्धित भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर और चुनौती दोनों है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहींद्ध संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विक. सित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है। एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के सामने कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करती है।

## एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी: खड़गे

# बैंकों के जरिये जनता को लूट रही सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार देश के बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया, केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी लगता है शुल्क

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, वहाट्सएप पर निकाशी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। एटीएम निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए कहा कि बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100-200 रुपए है। स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में 1.3 प्रतिशत शुल्क लेते हैं। एनईएफटी, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी शुल्क लगता है। पहले केंद्र सरकार इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'रिजर्व बैंक' ऐसा डेटा नहीं रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो डॉलर के मुकाबले उस समय 60 रुपए थे और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।

### केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा बाधित कर रही है: प्रियंका

**वायनाड, (केरल)।** कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा को जानबूझकर बाधित कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने यहां दिशा बैठक में भाग लेने के बाद कलपेटा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय रूप से बाधित कर रही है और यह हमारे (सांसदों के) लिए बहुत दुखद है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ सरकारों की नीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करना है। आमतौर पर ऐसी धारणा है कि विपक्ष पर संसद की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की ओर से एक नए प्रकार की है और मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा देखा है।

### सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआई सीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए हैं। नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है। इसका बोझ अंततः जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और विषाक्त कार्य स्थितियों को झेलते हैं। गांधी ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की।

# शाहवर शोहरत जैदी को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ सीएम योगी को अब मठ में जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए

**अमरोहा।** अल्पसंख्यकों की सहभागिता और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अमरोहा ज़िले की शाहवर शोहरत जैदी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है।

एक गतिशील उद्यमी, परोपकारी और महिला सशक्तिकरण की पैरोकार सुश्री जैदी लंबे समय से समावेशी विकास को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि की महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित रही हैं। उनकी नियुक्ति सार्थक बदलाव को आगे बढ़ाने और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आभार व्यक्त करते हुए, सुश्री जैदी ने समावे. शिता और सामुदायिक उत्थान में उनके नेतृत्व के लिए एनसीएम के माननीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लाल. पुरा की सराहना की। उन्होंने एक मजबूत और टिकाऊ सशक्तिकरण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में निरंतर समर्थन के लिए रमणीक सिंह मोंगिया, सुश्री शैलजा नारंग और सुश्री शिखा की भी सराहना की। सुश्री जैदी की नियुक्ति समानता, आर्थिक अवसर और सामाजिक विकास में अंतर को पाटने के उनके चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है। अपनी नई भूमिका में, उनका लक्ष्य उन पहलों को आगे बढ़ाना है जो स्थायी प्रभाव डालें और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों का उत्थान करें। उनके नामांकन का सामाजिक विकास, उद्यमिता और अल्पसंख्यक मामलों के हितधारकों द्वारा व्यापक रूप से स्वागत किया गया है, जो उन्हें प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में पहचानते हैं।

## अर्थ व्यापार

# ऊर्जा आपूर्ति व खपत में बढ़ोतरी जारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारत ने 2047 तक विकसित बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाकर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक प्रकाशन 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025' शनिवार को जारी किया जिसके अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा के मामले में स्वस्थ वृद्धि देखा है, जिसमें कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (टीपीईएस) में पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 9,03,158 केटीओई (किलो टन तेल समतुल्य) पर पहुंच गई। भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है, जो 31 मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट है। पवन ऊर्जा से ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक 11,63,856 मेगावाट (लगभग 55 प्रतिशत) की हिस्सेदारी है, इसके बाद सौर ऊर्जा (7,48,990 मेगावाट) और बड़ी पनबिजली (1,33,410) का स्थान आता है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आधी से ज्यादा क्षमता भारत के चार राज्यों में केंद्रित है जिनमें राजस्थान (20.3 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.8 प्रतिशत), गुजरात (10.5 प्रतिशत) और कर्नाटक (9.8 प्रतिशत) शामिल है। नवीकरणीय संसाधनों से बिजली उत्पादन (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता सहित) की स्थापित क्षमता में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2015 को 81,593 मेगावाट से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 1,98,213 मेगावाट हो गई है, जो पिछले वर्षों में 10.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। नवीकरणीय संसाधनों (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 जीडब्ल्यूएच बिजली की मात्रा से, यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 जीडब्ल्यूएच हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6-76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान 14,682 मेगा जूल प्रति व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल प्रति व्यक्ति हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 2. 55 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है।

## अर्थ व्यापार

### 100 करोड़ से अधिक के अल्ट्रा लक्जरी होम मार्केट में आया उछाल

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख महानगरीय केंद्रों मुंबई और दिल्ली एनसीआर में पिछले तीन सालों में 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले 49 अल्ट्रा लग्जरी घर बेचे गए हैं, जो देश के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में मजबूत मांग का प्रतीक है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी कंपनी जेएलएल ने शनिवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि घर खरीदने वालों के कुलीन वर्ग ने सामूहिक रूप से इन आलीशान घरों में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिनमें से आधे लेन-देन – कुल 3,652 करोड़ रुपए – अकेले 2024 में हुए हैं। इसने कहा कि गति धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि 2025 के पहले दो महीनों में पहले ही चार अल्ट्रा-लक्जरी घरों की बिक्री हो चुकी है, जिनका कुल मूल्य 850 करोड़ रुपए है। जेएलएल के मुख्य अंर्थशास्त्री एवं अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख सामंतक दास ने कहा कि पिछली धारणाओं के विप. रीत बंगले और विला जैसे स्वतंत्र घर अब ट्रॉफी आवासीय निवास के पर्याय नहीं रह गए हैं। इस तरह के ऊंचे अपार्टमेंट इस विशिष्ट क्षेत्र में एक विशेष आवासीय अनुभव प्रदान करते हैं।

## अर्थ व्यापार

# स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विटल पर रहा है।

# माटी कला पुरस्कार समारोह में पारंपरिक कारीगरों को किया सम्मानित

■ इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने शनिवार को मिट्टी के बर्तन और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया। लखनऊ के गांधी भवन सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय माटी कला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार समारोह 2025' के दौरान ये पुरस्कार वितरित किए गए। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल कारीगरों को वित्तीय सशक्तीकरण प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना भी है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया है। समारोह का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। सचान ने पर्यावरणं संरक्षण, जन स्वास्थ्य में सुधार और रोजगार सृजन के लिए मिटी के बर्तनों और खादी उद्योगों को बढ़ावा देने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में मिटी से बने उत्पादों कुल्हड़, गिलास, प्लेट और बोतल का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**डिजिटल अरेस्ट...** किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपति लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपति का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया। बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

# दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार से मिली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।

नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके (यादव के) शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योग. पति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। दुनिया के किसी भी कोने में जाएंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लो. कनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि श्री लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी, तो पुलिस आ जाएगी, ए बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



मुकद्दस रमजान 29

सुन्नी

| | |
|---|---|
| रविवार | सोमवार |
| अफतार | सेहरी |
| 6:37 | 4:48 |

शिया

| | |
|---|---|
| रविवार | सोमवार |
| अफतार | सेहरी |
| 6:42 | 4:53 |

मुकद्दस रमजानुल मुबारक

की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी

प्रदेश सचिव

कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड

पूर्व ग्राम प्रधान

मेहुंवाला माफी, देहरादून।

# शहरों में होगा देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण : सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल पूर्ण होने के अवसर पर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिरकत की। इस दौरान रोड शो के साथ-साथ 51 पंडितों ने विधिवत स्वस्तिवाचन सहित 55 करोड़ की दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया । इस अवसर पर आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में 38 विभागों ने अपने स्टाल लगाए, जहाँ बड़ी संख्या में आमजन ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ और जानकारी ली गयी।

देहरादून के सर्वे स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर का अवलोकन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाथीबड़कला से सर्वे स्टेडियम तक भव्य रोड शो में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्थापना वर्ष के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के शहरों में देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट कार्ड लिंकेज के चेक, लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट और कृषि यंत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य पूर्ण कर जल्द ही पहाड़ों में रेल का सपना साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, उड़ान योजना के माध्यम से देहरादून, अल्मोड़ा, उत्तराकाशी, गौचर और पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के लगभग 12 नगरों के लिए हेली सेवाएँ प्रारंभ होने से राज्य की एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई।



■ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री, भव्य रोड शो में शामिल हुए सीएम व कैबिनेट मंत्री जोशी , 55 करोड़ की दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास, 38 विभागों ने अपने स्टाल लगाए, आम जनता ने उठाया फायदा, मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर का अवलोकन किया, लाभार्थियों को किट और चेक किए वितरित

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। साथ ही देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदी के ऊपर फोरलेन एलिवेटेड रोड का निर्माण करने की योजना भी तैयार की जा रही है। देहरादून में 1400 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। शहर में स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। एक ओर जहां, शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है, वहीं निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम में नगर निगम देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल, राज्यमंत्री डॉ. देवेंद्र भसीन, राज्यमंत्री कैलाश पंत, नगर पालिका अध्यक्ष मसूरी मीरा सकलानी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, प्रदीप रावत, राकेश रावत, पूनम नौटियाल, ज्योति कोटिया, सुरेन्द्र राणा, कैप्टन दिनेश प्रधान, शमशेर सिंह बिष्ट सहित मसूरी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित रहे।

## आमजन के हित में सरकार के लिए गए फैसले देश में नजीर बन गए : जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आमजन के हित में सरकार के लिए गए फैसले देश में नजीर बन गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के साथ ही इन योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य किया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही हमने लगभग सभी योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि प्रदेश वासियों को घर बैठे ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# पीसीसी अध्यक्ष ने किया कई घोटालों का खुलासा

## एक रुपये प्रति घन मीटर में दर तय कर रही सरकार: माहरा

■ खेल विभाग में टेंडर के बिना दिया काम, 19 लाख के घोटाले में एक ही अधिकारी पर हुई कार्यवाही मालदारी ठेकेदारी प्रथा: सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य सरकार पर घोटालों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और प्रशासनिक कुप्रबंधन का आलम यह है कि जनता के पैसों की लूट हो रही है, और जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

शनिवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता में माहरा ने कई प्रमुख मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सरकार 3 साल के विकास कार्यों का जश्न मना रही है, मगर प्रदेश में घोटाले और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुके है। माहरा ने वन निगम की और से मालदारी ठेकेदारी प्रथा को फिर से लागू करने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 3 फरवरी 2025 को जारी किया गया यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सीधा उल्लंघन है। यह प्रथा कई सालों से विवादों में रही है और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वन विकास निगम ढॉचे में स्वीकृत 2828 पदों के सापेक्ष 1100 विभागीय कर्मचारी व 800 कर्मचारी आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत है तथा विभागीय अधिकारियों की और से वन संपदा के दोहन के काम से ठेकेदारी प्रथा शुरू करने की नीयत से आउट सोर्स कर्मचारियों को हटाने का षडयंत्र किया जा रहा है।

माहरा ने कोटद्वार के बनियाली क्षेत्र में रेत के ठेके के मामले का खुलासा करते हुए कहा कि ठेके के लिए 1 रुपये प्रति घन मीटर की दर तय की गई है। यह घोटाला प्रदेश की खनन नीतियों में भारी भ्रष्टाचार को दर्शाता है। उन्हाने कहा कि हरिद्वार के गेट नंबर 1 और 2 में करीब 19 लाख रुपये का घोटाला पकड़ा गया, लेकिन सिर्फ एक अधिकारी को सस्पेंड किया गया। बाकी सभी जिम्मेदार अधिकारी खुलेआम अपनी कुर्सियों पर बने रहे। माहरा ने लालकुआं में हुई 1.51 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि यहां किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने लॉगिंग ऑफिसर शेर सिंह को प्रभारी बनाए जाने की बात की, जो उनके अनुसार सबसे अधिक गलत काम करने वाले अधिकारी थे। माहरा ने प्रदेश सरकार से सवाल पूछा कि जब इतने बड़े घोटाले और अनियमितताएं सामने आ रही हैं, तो किसी भी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को उठाती रहेगी, और जब तक सही कार्रवाई नहीं होती, वे सरकार की नाकामी को जनता के सामने लाते रहेंगे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति में भी घोटाला

**देहरादून।** माहरा ने कोरोना काल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति में हुए घोटाले का भी खुलासा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 428 कर्मचारी भर्ती किए गए, और मंत्री ने एसआईटी का गठन किया था, मगर उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब एलयूसीसी को लेकर नया मामला सामने आया है, जिसमें महिलाओं को बरगलाया गया। माहरा ने धन सिंह रावत के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि जब आचार संहिता लगी हुई थी, तब भाजपा सरकार की ये संस्था आई थी। माहरा ने सहकारिता विभाग की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सहकारिता विभाग ने केंद्र से शिकायत की, लेकिन अपनी तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं अब परेशान हैं और उन पर दबाव बनाया जा रहा है, जबकि विभाग का कर्तव्य था कि वह त्वरित कार्रवाई करता।

### 430 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी कुपोषित बच्चों की संख्या ढाई गुना बढ़ी

**देहरादून।** माहरा ने खाद्य विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डीएम देहरादून ने खाद्य विभाग पर छापा मारा, लेकिन इसके बावजूद किसी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 430 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी कुपोषित बच्चों की संख्या ढाई गुना बढ़ गई। इससे साफ है कि सरकार कुपोषण जैसी गंभीर समस्या को हल करने में नाकाम रही है। माहरा ने खेल विभाग की लापरवाही पर भी उंगली उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार समय पर खेलों की तैयारियां नहीं कर पा रही है और बिना टेंडर के काम दिए जा रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

## राज्यपाल ने चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष 'विक्रम संवत-2082' की दी शुभकामनाए

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने चौत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष ''विक्रम संवत्-2082'' के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में माँ दुर्गा के नौ रूपों की उपासना हमें शक्ति, धैर्य और उत्साह प्रदान करती है। यह दिव्य पर्व श्रद्धा, भक्ति और शक्ति की आराधना का प्रतीक है, जो जीवन में नई ऊर्जा, सुख, समृद्धि और हर्षोल्लास का संचार करता है। उन्होंने कामना की कि नव संवत्सर में सभी का जीवन नई आशाओं, उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो। राज्यपाल ने माँ दुर्गा से समस्त प्रदेशवासियों के लिए नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सफलता के साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

## पुलिस ने स्कूली बालिकाओं को शिखाया आत्मरक्षा तकनीक प्रशिक्षण , पुलिस लाईन ज्ञानसू में 1 दिवसीय कार्यशाला आयोजित



# मुस्लिम समुदाय का उत्पीड़न लोकतंत्र के खिलाफ: नेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मदरसों पर प्रदेश की धामी सरकार के सख्त एक्शन को देखते हुए संबंधित विभाग भी फुल एक्शन मोड में हैं। जिसके चलते जहां पहले बिना मान्यता के नियम विरुद्ध संचालित मदरसों को चिन्हित कर उनको सील करने की कार्रवाई की गई, वहीं अब एमडीडीए विभाग ऐसे निर्माण को चिन्हित कर नोटिसी कार्रवाई कर रहा है, जिन्होंने निर्माण कार्य के लिए मानचित्र स्वीकृति नहीं कराया है।

एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की आशंका को देखते हुए मुस्लिम समाज घबराया हुआ है। जिसके चलते सरकार के आदेशों पर विभागों द्वारा मदरसों और मस्जिदों पर की जा रही कार्रवाई के विरोध में आज जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी की अगुवाई में दर्जनों मदरसा संचालकों और मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने तहसील परिसर का घेराव करते हुए सरकार व विभागों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों से संबंधित राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपकर इस कार्रवाई को रोकने की मांग की।

■ मामले में सरकार की हरकतों को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त, फिर बड़ी कार्रवाई की आशंका को देखते हुए मुस्लिमों ने घेरी तहसील

प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार अकलियत के लोगों में भय पैदा करने का काम कर रही है। कहा कि सरकार कि शह पर नियम विरुद्ध तरीके से विभाग कार्रवाई कर रहे हैं जिन पर विराम लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाए का उत्पीड़न लोकतंत्र के खिलाफ है, मामले में सरकार की हरकतों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह कार्रवाई आगे भी जारी रही तो वह सरकार और विभागों के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय का कहना है कि सरकार सिर्फ मुस्लिम समुदाय को टारगेट कर रही है, खासकर रमजान के महिने में कार्रवाई करना और अब ईद से चंद रोज पहले एमडीडीए द्वारा मदरसों व मकतबों को अवैध निर्माण से संबंधित नोटिस भेजे जा रहे हैं उसमें भी महज एक से दो दिन का समय दिया जा रहा है। जो कि नियमों और कानून के विपरित है।

# मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को नव संवत्सर तथा चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है।

चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में चौत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चौत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चौत्र नवरात्रों की प्रदेश में धार्मिक महत्ता के दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की परम्परा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है। शक्ति के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यो के प्रति प्रेरणा प्रदान करने वाला हो इसका हमें संकल्प लेना होगा। यह पर्व हमें नवीन उत्साह के साथ देश व समाज की सेवा की भी प्रेरणा देता है। यह नवसंवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि प्रदान करने वाला हो इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### चीड़ पिरूल दर 3 रुपये से बढ़ाकर हुई 10 रुपये प्रति किलोग्राम

देहरादून। चीड़ पिरूल से रोजगार और वन संरक्षण एक और दिलचस्प कदम यह है कि अब चीड़ पिरूल एकत्रीकरण की दर को 3 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति किलोग्राम किया गया है। इससे स्थानीय लोग न सिर्फ वनाग्नि नियंत्रण में मदद कर रहे हैं, बल्कि उन्हें रोजगार भी मिल रहा है।

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
चांद भाई
समाजसेवी
खटीमा उधम सिंह नगर

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
मौलाना इरफान उल हक कादरी
प्रबधंक मदरसा गौसिया अरबी कॉलेज
खटीमा, उधम सिंह नगर

WISDOM PUBLIC SCHOOL
An English Medium Co-Educational Senior Secondary School
SHAPING YOUNG MINDS SINCE 2001
EXPLORE YOUR FUTURE AND BE A PART OF OUR FAMILY
REGISTER NOW
24 Years of Trust
ADMISSIONS OPEN
SESSION 2025-26
FOR CLASSES N.C TO IX & XI
WORLD CLASS LEARNING IN AFFORDABLE PRICES
CCTV EQUIPPED CLASSROOMS AND CORRIDORS
EXTRA CLASS PROGRAMME
CERTIFIED AND EXPERIENCED TEACHERS
HOLISTIC AND EXTRACURRICULAR DEVELOPMENT OF YOUR WARD
Introducing...
WISDOM SPORTS ACADEMY
STARTING FROM APRIL 2025
Cricket-Kabaddi-Badminton
CLASSPIX
CONTACT US
9258294172, 9258294173
Gangapur Road, Rudrapur, Uttarakhand-263153
wisdompublicschool@ymail.com

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
नासिर खान
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
खटीमा, उधमसिंह नगर

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
रईस अहमद उर्फ छोटे भाई
प्रतिनिधि सभासद
वार्ड नंबर 4 खटीमा उधम सिंह नगर

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
नदीम खान
वरिष्ठ समाजसेवी
सीर गोटिया, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर
वाहिद खान
पूर्व पार्षद
नगर पालिका परिषद, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
रुद्रपुर के बेस्ट प्ले स्कूल में से एक Class Play to 8th
DIGITAL PLAY SCHOOL
रुद्रपुर में पहली बार
हाई क्वालिटी एजूकेशन फीस वापसी की गारंटी के साथ
डिजिटल देते गारंटी, अच्छी शिक्षा है पाना। कम फीस में मिले न अच्छी, पैसे लेके जाना।
GIFT OFFER 30 मार्च 2025 से पहले एडमिशन कराने वाले को एक महीने के फीस की छूट
FREE ADMISSION • स्मार्ट क्लासेस • स्विमिंग पूल • हॉर्स राइडिंग • एसी रूम्स etc. Class Play- 8th (Fees 650-950)
2 हाईटेक कोचिंग (NC to 12th) हमारी कोचिंग से रुद्रपुर के स्कूलों में 8 स्टूडेंट्स ने टॉप किया
HORSE RIDING, SWIMMING POOL, AC ROOMS, SMART CLASSES, ACTIVITY BASED LEARNING
Preet Vihar Colony, Opp. To Gurunanak Degree College 7505336093, 8755520002

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
फुरकान अहमद मंसूरी
प्रदेश उपाध्यक्ष
आम आदमी पार्टी
उत्तराखण्ड
पता- प्रीत विहार फेस-2, रूई, फोम गद्दे वाले

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
नूर अहमद
पूर्व पार्षद,
पूर्व वाइस चेयरमैन, रुद्रपुर
इरशाद अंसारी
पार्षद प्रतिनिधि, नगर निगम
वार्ड-18, खेड़ा, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

ईद-उल-फितर की सभी नगर वासियों को मुबारकबाद
नोमान खां
शाहनवाज खां
अली मोहम्मद खां
सलीम अहमद खां
सीर गोटिया, रुद्रपुर उधमसिंह नगर

Page 4-------_29 June -doon page-4 .qxd 3/29/2025 8:30 PM Page 1



# चारधाम यात्रा : 15 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शनिवार को नगर पालिका परिषद सभागार मुनिकीरेती में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागवार तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को 15 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को देवप्रयाग संगम और घाटों पर साइनेज बोर्ड लगाने, सुरक्षा के लिए बैरियर और गोताखोरों की तैनाती करने के निर्देश मिले। साथ ही, चारधाम यात्रा मार्गों पर संचार सेवाएं सुचारू बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एसएसपी आयुष अग्रवाल, डीएफओ जीवन दगाड़े, नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती की अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोज बिष्ट, जीएम बीएसएनएल राकेश चौधरी, एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, एआरटीओ सतेंद्र राज समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नशा नहीं, रोजगार दो अभियान श्रीनगर गढ़वाल पहुंचा

शाह टाइम्स संवाददाता



**श्रीनगर।** उत्तराखंड में नशा नहीं, रोजगार दो, काम का अधिकार दो अभियान के तहत जागरूकता फैलाने की पहल जारी है। 30 जनवरी को अल्मोड़ा से शुरू यह अभियान अब श्रीनगर गढ़वाल पहुंच गया है। इस दौरान गोला पार्क में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जहां सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी और नशाखोरी पर चिंता जताई। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि राज्य संघर्षों से प्राप्त हुआ, लेकिन वर्तमान में बेरोजगारी और राजनीतिक तानाशाही जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। बताया कि यह अभियान नैनीताल, हल्द्वानी, बागेश्वर, कर्णप्रयाग और गोपेश्वर सहित अन्य क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा।

समाजसेवी अनिल स्वामी ने आरोप लगाया कि नगर में नशे का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और सरकार गांव-गांव शराब की दुकानें खोल रही है। उन्होंने कहा कि अधिक शराब बेचने वाले लोगों को राजनीति में बढ़ावा मिल रहा है, जो चिंताजनक है।

## एलयूसीसी घोटाले को धरने में बैठे लोगों को गोदियाल ने दिया समर्थन

**श्रीनगर (शाह टाइम्स)।** एलयूसीसी कंपनी घोटाले की जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर निवेशकों, एजेंटों के शनिवार को पीपलचौरी में धरने दसवें दिन भी जारी रखा। इस मौके पर धरने पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस गणेश गोदियाल, नगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर समर्थन दिया। इस मौके पर उपभोक्ताओं ने जल्द सरकार से दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर जमा पूंजी को वापस किये जाने की बात कही। धरने को समर्थन देने पहुंचे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आम लोग एलयूसीसी सहकारी समिति से ठगे गये हैं, जबकि सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत झूठ बोलकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। कहा कि डॉ. धन सिंह ने पहले तो कहा कि कंपनी रजिस्टर नहीं है फिर उन्होंने जनवरी 2017 में कंपनी के रजिस्ट्रेशन की बात कही और अब वह 2022में कंपनी के खिलाफ भारत सरकार को अवगत कराने की बात कह रहे हैं। कहा कि यह सब सिर्फ झूठ है। क्यों 2022 से अभी तक सहकारिता मंत्री ने मामले पर एक्शन नहीं लिया?? गोदियाल ने आरोप लगाते हुए कंपनी के साथ सहकारिता मंत्री के संबंधों की भी जांच की मांग की।

# सौरमंडल में चुनाव संपन्न, राजा व मंत्री दोनों पदों पर सूर्य देव हुए निर्वाचित

शाह टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** कुछ लोग सोचते हैं कि केवल पूजा स्वयं करूंगा तो मुझे ही सब कुछ मिल जाएगा दूसरे को नहीं मिलेगा परंतु ईश्वर को अकेले पूजा के बजाय सामूहिक रूप से की गई पूजा ज्यादा पसंद आती है। उपरोक्त विचार उत्तराखंड ज्योतिष

- व्यक्तिगत के बजाय ईश्वर को सामूहिक पूजा ज्यादा पसंद आती है : आचार्य दैवज्ञ

रत्न आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल दैवज्ञ ने व्यक्त किए वह आज मोहकमपुर के जीटीएम फ्लैट सहकारी समिति द्वारा आयोजित "नव संवत्सर आगमन स्वागत समारोह" में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विशाल जन समूह को संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि भगवान ने गीता में अर्जुन से कहा पत्रम पुष्पम फलम तोयम यो मम भक्त्या प्रयच्छति।अर्थात मेरे भक्त सामूहिक रूप से प्रेम पूर्वक मुझे पत्र, पुष्प फल जो भी समर्पित करते हैं, मैं उसे सामूहिक होने की वजह से प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण करता हूं। उपस्थित विशाल जन समूह के माध्यम से पूरे देश एवं प्रदेश की जनता को नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए ज्योतिष मर्मज्ञ आचार्य दैवज्ञ ने कहा कि इस संवत्सर के लिए ब्रह्म मुहूर्त में जो सौरमंडल में चुनाव हुआ है, जिसके लिए बसंत पंचमी से आदर्श आचार संहिता सौरमंडल में लग गई थी, उसमें सूर्य देव राजा एवं मंत्री दोनों पदों पर निर्वाचित हुए हैं, इसलिए यह सिद्धार्थ नाम का संवत्सर है, जो ईश्वर की भक्ति करने वाले लोगों के लिए बहुत शुभ होने वाला है, तो दूसरी तरफ लोभ, लालच, द्वेष, ईर्ष्या जैसे भाव रखने वाले प्राणियों का परम तेजस्वी सूर्य देव प्रत्येक क्षेत्र में सफाया करने में भी देर नहीं लगाएंगे, बताया कि 30 मार्च रविवार से ग्रहों का पूरा नवीन मंत्रिमंडल अपना कार्य करने लग जाएगा।

इस अवसर पर लोगों द्वारा किए गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सटीक भविष्यवाणियों के लिए अंतरराष्ट्रीय जगत में प्रसिद्ध डॉक्टर दैवज्ञ ने कहा कि शनि देव को कृषि मंत्री का पद मिला है, इससे बड़े किसानों को नुकसान परंतु छोटे-छोटे किसानों को लाभ मिलेगा क्योंकि शनि देव न्यायाधिकारी भी हैं, जबकि उद्यान एवं बागवानी का मंत्रालय गुरुदेव बृहस्पति एवं बुद्धदेव को मिला है, इससे फलों में रस होगा और जनता को उसका लाभ मिलेगा मंगल दुर्गपति होने से देश की रक्षा के लिए सैन्य बलों को चौकन्ना होकर कार्य करना होगा। इससे पूर्व नव संवत्सर स्वागत समारोह में पहुंचने पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीरा रतूड़ी, सचिव अजय चौरसिया, पार्षद रविंद्र रावत अरविंद सिंह सजवान श्रीकांत शर्मा, संगीता रावत, आशा नेगी हास्य कलाकार बलबीर सिंह खिचड़ी, श्रीमती महिमा श्री, सुमन सजवान, कुलदीप रावत, अमर खरबानिया सहित तमाम पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल "दैवज्ञ" का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कलश यात्रा भी निकाली गई खूब भजन कीर्तन भी हुए तथा विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मौके पर पूरी सोसाइटी के सैकड़ो नागरिक उपस्थित रहे।

## अन्य खास खबरें...

### वार्षिक परीक्षा फल किया घोषित

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** नगरनिगम कोटद्वार के जशोधरपुर स्थित महादेव सरस्वती शिशु-विद्या मन्दिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य निर्मल केमनी और अन्य अतिथियों ने परीक्षाफल घोषित किया। इस दौरान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष जगतराम डबराल, प्रबन्धक जितेन्द्र चन्द्र डोबरियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य निर्मल केमनी ने परीक्षाफल घोषित किया। परीक्षा में नर्सरी से किरन बिष्ट, रिधिमा व अनिका ढौंडियाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 1 से हिमांशु कुमार, कक्षा 2 से सुमित कुमार, कक्षा 3 से प्रभास रावत, कक्षा 4 से पीहू, कक्षा 5 से प्रियंका रौतेला, कक्षा 6 से कृष्टीना रावत, कक्षा 7 से ऋषभ थपलियाल, कक्षा 8 से वंशिका डबराल व कक्षा 9 से साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सम्मुख रखी गई। प्रबन्धक जितेन्द्र चन्द्र डोबरियाल व जगतराम डबराल ने विद्यालय की प्रगति व विकास कार्य की रिपोर्ट अभिभावकों के सम्मुख रखी, जिस पर अभिभावकों ने सन्तोष व्यक्त किया।

### दुधारखाल में शराब की दुकान खुलने का महिलाओं ने किया विरोध

**सतपुली (शाह टाइम्स)।** नगर पंचायत सतपुली के नजदीक स्थित दुधारखाल में शराब का ठेका खोलने का क्षेत्र के विभिन्न गांवों के महिला मंगल दलों ने विरोध किया है। इस संबध में क्षेत्र की महिला मंगल दलों ने उपजिलाधिकारी सतपुली के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। महिला मंगल दल बबीना के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि आबकारी विभाग पौड़ी की ओर से क्षेत्रीय जनता की राय मशविरा लिए बगैर ही दुधारखाल में शराब का ठेका खोलने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इससे क्षेत्र का माहौल खराब होने की पूरी संभावना है। इसलिए यहां पर शराब का ठेका नहीं खोला जाना चाहिए। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस ठेके के टेंडर निरस्त न किए गए तो क्षेत्रीय जनता के सहयोग से महिलाएं आंदोलन पर बाध्य होंगी।

### उद्यम स्थापना के लिए पड़ने वाली आवश्यकताओं की दी जानकारी

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जारी देवभूमि उद्यमिता योजनांतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम के ग्यारहवें दिन छात्र-छात्राओं को नए उद्यम स्थापना के लिए आवश्यकताओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की सदस्य डॉ मीनाक्षी वर्मा द्वारा नए उद्यमों की स्थापना के लिए विभिन्न आवश्यकताओं तथा वैधानिक आवश्यकताओं से संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्थान का चयन, भूमि एवं भवन, सरकारी औपचारिकताएं और प्रक्रियाएं, सही विनिर्माण प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एसके गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को मार्केटिंग, मार्केटिंग मिक्स, ब्रांडिंग, अकाउंटिंग एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। इस दौरान डॉ मुकेश रावत, मनीष राणा, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ सरिता चौहान और डॉ मीनाक्षी वर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सड़क सुधारीकरण को लेकर पीएमजीएसवाई को दिया ज्ञापन

**रुद्रप्रयाग (शाह टाइम्स)।** भरदार क्षेत्र के अन्तर्गत दरमोला-डुंगरी मोटरमार्ग के सुधारीकरण, सुरक्षा दीवार एवं मलबा साफ सफाई को लेकर सड़क निर्माण संघर्ष समिति ने पीएमजीएसवाई को ज्ञापन सौंपा है। ताकि क्षेत्र में वाहनों के आवागमन में आ रही दिक्कतें दूर हो सकें। सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष कृष्णानंद डिमरी ने पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में कहा कि अप्रैल 2023 में पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित दरमोला-डुंगरी मोटरमार्ग के कार्य पूरा होने के बाद यातायात चल रहा है। उक्त सड़क से मुख्य रूप से ग्राम स्वीली व डुंगरी के ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है, लेकिन विगत दो वर्षों में सड़क के पुस्ते क्षतिग्रस्त होने एवं सड़क के ऊपरी तरफ सुरक्षा दिवार न लगने से वाहनों के आवागमन में दिककतें आ रही हैं। सड़क के जीरो प्वाइंट से किमी दो तक तथा किमी तीन से लेकर सड़क के अन्तिम छोर तक सड़क में मलबा गिरा हुआ है। मलबे के कारण छोटे वाहनों के रपटने का खतरा बना भी रहता है। जीरो प्वाइंट पर सड़क की स्थिति अत्यधिक खतरनाक बनी हुई है।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा करती है निवास : गीता

**रुद्रप्रयाग।** सेवा संकल्प धारिणी फाउंडेशन के तत्वावधान में आईएचएलडी दिल्ली के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अगस्त्यमुनि खेल मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में न केवल मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया, बल्कि विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें भी निःशुल्क संपंन कराई गई। इस दौरान फाउंडेशन की फाउंडर ट्रस्टी गीता धामी ने अपने हाथों से जरूरतमंद मरीजों को व्हीलचेयर और कम सुनने वाले मरीजों को श्रवण यंत्र प्रदान किए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ अनिश्चितकालीन धरना जारी

**लिखित आश्वासन न देने पर अडे रहे आंदोलनकारी, बेरंग लौटे सीएमओ**

शाह टाइम्स संवाददाता



**उत्तरकाशी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ की स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने की मांग को लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा है। शनिवार को आंदोलनकारियों से वार्ता करने पहुंचे सीएमओ डॉ बी एस रावत के लिखित आश्वासन न देने पर सी एम ओ को बेरंग लौटाया पड़ा और अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा है। उधर आंदोलन को धार देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली व सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर विनोद कुकरेती की पहल पर सीएमओ बीएस रावत आंदोलनकारीयों से वार्ता करने पहुंचे थे उन्होंने बताया कि उनकी मांग पत्र में अधिकांश मांगे शासन द्वारा स्वीकृत होनी है। इसके लिए वह अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। उन्होंने आंदोलनकारी के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ के डॉक्टरो के व्यवहार में सुधार ,दवाइयां के अस्पताल से ही पूर्ति के साथ साथ अल्ट्रासाउंड के लिए जब तक नियमित डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होती दो दिन तक अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था करने की बात कही जिस पर सीएमओ रावत ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस समस्या का जल्दी ही समाधान कर देंगे जिस पर आंदोलनकारियों ने आश्वासन लिखित रूप से मांग की। वहीं सीएमओ के लिखित आश्वासन न देने से नाराज आंदोलनकारियों ने सीएमओ को बेरंग वापस लौटा दिया। धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कैंतुरा, सुमन बडोनी शूरवीर रांगड़ ,अंकित चंद रमोला,सिद्धार्थ नौटियाल प्रवीण गुंसोला ,कोमल सिंह राणा,शिवराज बिष्ट ,कृष्णा नौटियाल ,अमित सकलानी जसबीर चौहान ,देवराज बिष्ट जोगेंद्र रावत बिरेंद्र नौटियाल धनवीर रमोला, अनिल रमोला संदीप रावत ,प्रवेश जगुड़ी अरविंद चौहान (लोकगायक दिगपाल सिंह बिष्ट, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दिव्यांगों को प्रमाणपत्र बांटे, 81 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नई टिहरी (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रतापनगर ब्लॉक मुख्यालय में जन सेवा थीम पर आधारित बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा और दिव्यांग सहायता सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रशासक प्रदीप रमोला और समाजसेवी देवी सिंह पंवार ने किया। मुख्य अतिथि प्रदीप रमोला ने राज्य सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल में विकासखंड स्तर पर आयोजित किए जा रहे शिविरों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग सहायता शिविर लगाया गया, जिसमें 17 दिव्यांगजनों के प्रमाणपत्र बनाए गए। इसके अलावा, 81 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। शिविर के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रतापनगर, सुजडगांव और अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापनगर के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



शाह टाइम्स संवाददाता

**थत्यूड़।** जौनपुर ब्लॉक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। रिजल्ट प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे और अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अंकपत्र के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर दो छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया– यूकेजी के प्रियांशु नेगी ने 99.78% अंक हासिल किए, जबकि कक्षा द्वितीय के पार्थ नौटियाल ने 99.15% अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अखिल कुमार गुप्ता ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए मेहनत और सफलता का मंत्र दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश्वर प्रसाद बडोनी ने आधुनिक शिक्षा सुविधाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य मनदेव रावत, नेहा सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सीओ घिल्ड़ियाल ने किया थाना ऊखीमठ का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** जनपद के थाना ऊखीमठ का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर सीओ ने भोजनालय की साफ सफाई अच्छे ढंग से करने के निर्देश संबंधित पुलिस बल को दिए। इसके साथ ही जनपद में नियुक्त एसडीआरएफ से समन्वय स्थापित कर सभी उपकरणों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी प्रबोध कुमार घिल्ड़ियाल ने थाना ऊखीमठ को आवंटित शस्त्रों का निरीक्षण किया। थाने को आवंटित शस्त्रों का रख-रखाव व साफ सफाई उचित ढंग से पाई गई। तत्पश्चात परिसर के अनावासीय भवनों, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, भोजनालय, व कर्मचारी बैरक का भौतिक रूप से निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि बैरकों की साफ सफाई सही ढंग से की गई है। अपने निजी व सरकारी सामग्री को तरीके से बैरकों में बनी रैकों में रखा गया है। सीओ ने थाना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान समस्त रजिस्टरों व अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। समस्त पत्रावलियों व अभिलेखों का रख-रखाव सही पाया गया। रजिस्टरों को लगातार व्यवस्थित रखने एवं सभी प्रविष्टियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। आपदा उपकरणो एवं उनके प्रयोग के बारे में नियुक्त कर्मियों से गहनता से पूछताछ की गई। जनपद में नियुक्त एसडीआरएफ से समन्वय बनाते हुए सभी उपकरणों के जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। उपस्थित पुलिस बल का मनोबल बढ़ाते हुए ड्यूटी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आगामी केदारनाथ यात्रा के लिए अभी से तैयारी की दशा में रहने के लिए निर्देशित किया।


## विधायक पुरोला ने नैटवाड़-सांकरी-जखोल मार्ग के लिए करवाया 32 करोड़ स्वीकृत

शाह टाइम्स संवाददाता



**उत्तरकाशी।** पुरोला क्षेत्र के तेज तर्रार विधायक दुर्गेश्वर लाल की मेहनत आखिर रंग लाई है उन्होंने सीआर आई एफ के तहत नैटवाड़-सांकरी-जखोल मार्ग के लिए 32 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत करवाया है। गौरतलब है कि मोरी ब्लॉक के अंतर्गत वर्षो पूरानी नैटवाड़-सांकरी-जखोल मार्ग के क्षेत्र विधायक ने लिए केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआर आई एफ) के अन्तर्गत 32.2410 करोड़ की धन राशि स्वीकृत करवाया दी है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को अच्छी सड़क तो मिलेगी ही इसके अतिरिक्त टूर ऑपरेटर एवं पर्यटकों को अच्छी सुविधाएं मिलेंगी जिससे क्षेत्र में पर्यटन व्यवसायियों को नए पंख लगेंगे। बता दें कि मोरी ब्लॉक के नैटवाड़-सांकरी-जखोल मार्ग लंबाई लगभग 42.15 किलोमीटर का सुदृढीकरण कार्य दशकों से नहीं हो पा रहा था। पुरोला क्षेत्र के विधायक दुर्गेश्वर लाल ने केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआर आई एफ) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु कार्यो की स्वीकृति करवाया है जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्र के गुलाब सिंह रावत, गंगा सिंह रावत, भगत सिंह रावत, यशवंत पंवार पूर्व मंडल अध्यक्ष , राजीव कुंवर मंडल अध्यक्ष, दर्शन रावत पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रेम सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष मोरी, जय चंद रावत जिला मंत्री, भगवान सिंह रागड , जगदीश सहित सैकड़ों टूर ऑपरेटर एवं ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# एलीट स्कॉलर होम स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**थत्यूड़।** विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ स्थित एलीट स्कॉलर होम स्कूल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा शानदार स्वागत प्रस्तुति से हुई। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी, जौनपुरी, पंजाबी और हिंदी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता कोठारी बधानी ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि हर वर्ष नवोदय प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के 50% विद्यार्थी सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने के लिए विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, खेमराज भट्ट, सोमवारी लाल नौटियाल, विद्यालय प्रबंधक रूपेश प्रसाद बधानी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उम्मेद सिंह पंवार ने किया।

# टिहरी बार एसोसिएशन चुनाव 5 अप्रैल को होगा

**नई टिहरी।** जिला बार एसोसिएशन टिहरी गढ़वाल के वार्षिक चुनाव 2025-26 के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी जय प्रकाश पाण्डेय व सहायक चुनवा अधिकारी ओम प्रकाश उनियाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल शर्मा, जयबीर सिंह रावत और महावीर प्रसाद उनियाल ने अपने नामांकन दाखिल किए। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए दिनेश चंद्र उनियाल, सचिव पद के लिए चंद्रभान सिंह राणा और चंद्रभानु तिवारी ने नामांकन किया। सह-सचिव पद के लिए कन्हैया लाल डोभाल और कविता भट्ट, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए पवना ने अपना नामांकन दाखिल किया। पुस्तकालयाध्यक्ष और ऑडिटर पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। नामांकन पत्रों की जांच 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी और उसी दिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित किया गया है। मतदान 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा, जिसके बाद 3:30 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणामों की घोषणा की जाएगी।

# पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रथम वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक भूपाल राम टम्टा

शाह टाइम्स संवाददाता



**थराली।** विधानसभा थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा ने कहा कि बच्चों के अध्ययन की नींव प्राथमिक स्तर पर ही मजबूत बनाया जाना बेहद जरूरी हैं ,जिन बच्चों को बचपन में पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलता वें बच्चे जीवन में कभी भी असफल नही होते हैं। यह बात विधायक ने सरस्वती शिशु मंदिर थराली में विधायक निधि से निर्मित कक्ष का लोकार्पण एवं पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय प्राथमिक विद्यालय थराली के प्रथम वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। शनिवार को विधायक भूपाल राम टम्टा ने पहले शिशु मंदिर में विधायक निधि से निर्मित एक कक्ष का रीबन काट कर लोकार्पण करने के साथ ही छात्र, छात्राओं को वार्षिक परीक्षा फल वितरित समारोह का दीप प्रज्वलित कर परीक्षा फल का वितरण किया। इसके बाद विधायक पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय प्राथमिक विद्यालय थराली के वार्षिकोत्सव में पहुंचे जहां विधायक ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक टम्टा ने कहा कि बच्चों की नींव प्राथमिक स्तर पर मजबूत किया जाना बेहद जरूरी हैं। कहा बचपन में ही बच्चों को अध्ययन के साथ ही अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सामाजिक सहभागिता आदि के क्षेत्र में भी प्रतिभाग करवाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को प्रेरित करना चाहिए। विधायक ने कहा कि अटल उत्कृष्ट विद्यालय में सरकार जो सुविधाएं दी जा रही हैं, उससे राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ रही हैं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने आयोजन की सराहना की। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय पंकज, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अकबीर सिंह, बीआरसी रघुवीर बिष्ट, पूर्व जिपंस गोदांबरी रावत, नगर पंचायत पार्षद मोहन पंत, दिवाकर नेगी, थराली व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप रावत आदि बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सैकड़ों समस्याओं का मौके पर कराया निस्तारण

■ सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने की जनसुनवाई, गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**सोमेश्वर अल्मोड़ा।** प्रदेश सरकार के 3 साल पूरे होने के उपलक्ष में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर में जनसुनवाई एवं बहुउद्देशीय शिविर में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सैकड़ो समस्याओं का निस्तारण कराया और कई मामलों में अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

विकासखंड ताकुला के सोमदेव ग्राउंड में आयोजित बहुउद्देशीय शि.विर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस शिविर में मेरे समक्ष जो भी समस्याएं आई हैं उनके निस्तारण में परिणाम भी दिखना चाहिए। अगर दिए गए निर्देशों को परिणाम में नहीं बदला तो सरकार अधिकारियों को बदलने में देर नहीं लगाएगी।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने एक सड़क के लंबे समय से टूटे होने की शिकायत पर पीडब्ल्यूडी विभाग को कहा कि आज ही इसका निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार करिए। इसके अतिरिक्त शिविर में बिजली का बिल ज्यादा आने, नए खंबे लगवाने, बिजली के तारों के झूलने की समस्या, पेयजल आपूर्ति सही न होने की समस्या, पुल के निर्माण में दिक्कत, अस्पतालों में स्टाफ की कमी जैसी समस्याएं भी लोगों ने मंत्री के समक्ष उठाई, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारी की मौजूदगी में निस्तारण किया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या नें मौके पर मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों से कहा की समस्याओं का निस्तारण एक निश्चित समय सीमा के अंदर होना चाहिए।

शिविर में जल निगम के मुख्य अभियंता की जगह सहायक अभियंता के आने पर मंत्री ने मुख्य अभियंता का स्पष्टीकरण तलब किया है।कार्यक्रम में मंत्री ने जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर और किट वितरित की, साथ ही मरीजों को उपचार भी मुहैया कराया गया।इस अवसर पर अल्मोड़ा नगर निगम मेयर अजय वर्मा, अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष महेश नयाल, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, सोमेश्वर मंडल अध्यक्ष अंजलि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कैड़ा आदि मौजूद रहे।

## देहरादून में ईद-उल-फितर की नमाज़ 2025 का समय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.ईदगाह चकराता रोड | -8:00 | 31. मदीना मस्जिद छोटा भारूवाला | -8:00 |
| 2.ईदगाह सुभाष नगर, माजरा पहली नमाज 8 व दूसरी | -9:00 | 32. जामा मस्जिद ईसी रोड | -8:30 |
| 3.जामा मस्जिद पल्टन बाजार | -8:30 | 33. मस्जिद खलील खान सीमेंट रोड | -7:00 |
| 4.ईदगाह मुस्लिम कालोनी | -8:30 | 34. जामा मस्जिद मोथरोंवाला | -8:45 |
| 5. मक्का मस्जिद भण्डारी बाग | -8:15 | 35. मस्जिद रहमत, रहमत कालोनी | -8:00 |
| 6.बिलाल मस्जिद सिंघल मंडी, कुसुम विहार | -8:00 | 36. जामा मस्जिद राजीव नगर | -8:45 |
| 7.जामा मस्जिद चंदन नगर | -9:00 | 37. मस्जिद लाईब्रेरी वाली मेहुंवाला माफी | -7:30 |
| 8.जामा मस्जिद माजरा | -10:00 | 38. मक्का मस्जिद भण्डारी बाग | -8:15 |
| 9.जामा मस्जिद धामावाला | -7:30 | 39.मस्जिद शान इलाही चांचक बंजारावाला | -8:00 |
| 10. जामा मस्जिद नया नगर, इनामुल्लाह बिल्डिंग | -8:15 | 40.आईशा मकतब चांचक बंजारावाला | -7:00 |
| 11.मदरसा अजबपुर कलां | -8:00 | 41.मक्का मस्जिद कारगी | -8:15 |
| 12.जामा मस्जिद अजबपुर कलां | -8:30 | 42. मदिना मस्जिद ब्रहम्नवाला | -8:00 |
| 13. जन्नत मस्जिद धर्मपुर | -9:00 | 43. जामा मस्जिद ईसी रोड | -8:30 |
| 14.जामा मस्जिद कांवली | -8:15 | 44. मस्जिद फातिमा रक्शा विहार | -8:45 |
| 15.हुदा जामा मस्जिद कांवली रोड, गांधी ग्राम | -8:30 | 45. जामा मस्जिद रांझावाला, रायपुर | -8:30 |
| 16.मदरसा दारूल उलूम मौहम्मदिया कारगी | -7:30 | 46. जामा मस्जिद फिरदोस अधोईवाला | -8:30 |
| 17. बड़ी मस्जिद कारगी | -9:00 | 47. मदीना मस्जिद जैन प्लाट वाणी विहार | -7:30 |
| 18.मदीना मस्जिद कारगी | -8:30 | 48. मदरसा सबीलुस्सलाम, पावंटा रोड ढालीपुर | -7:30 |
| 19.मदरसा अनवरिया हयातुल बड़ा भारूवाला | -8:00 | 49. जामा मस्जिद आजाद नगर कालोनी, चूना भट्टा | -9:00 |
| 20.मदरसा इजहारूल उलूम मोरोंवाला | -8:00 | 50. मदीना मस्जिद चमनपुरी, लालपुल | -8:00 |
| 21.मदरसा अनवारूल कुरआन मेहुंवाला माफी | -7:00 | 51.बिलाल मस्जिद रानी पोखरी | -8:30 |
| 22.बड़ी (मक्का) मस्जिद मेहुंवाला माफी | -8:30 | 52. मस्जिद अली, नबीया इंक्लेव चांचक | -8:30 |
| 23.मदरसा फैज-ए-हिदायत मेहुंवाला माफी | -8:00 | 53. मदीना मस्जिद झील मसूरी | -9:15 |
| 24. मक्का मस्जिद मेहुंवाला माफी | -8:30 | 54. जामा मस्जिद कंडोली, मयूर विहार | -8:00 |
| 25.मस्जिद अबु बकर, मछली तालाब, सीमाद्वार | -7:30 | 55. जामा मस्जिद फातिमा, मलूकचंद, हसनपुर | -8:30 |
| 26.शरीफन मस्जिद मेहुंवाला | - 8:00 | 56.मस्जिद जोहडी बस्ती, शकुंतला | -7:30 |
| 27. मदरसा इमदादुल उलूम किशनपुर | -8:30 | 57.अमानिया जामा मस्जिद लाईब्रेरी मसूरी | -9:00 |
| 28.मस्जिद बस अड्डा राजपूर | -8:45 | 58. अबु बकर जामा मस्जिद कुलरी बाजार मसूरी | -9:30 |
| 29.मस्जिद राजपुर नियर थाना | -8:15 | 59.जामा मस्जिद लण्ड़ोर बाजार मसूरी | -9:00 |
| 30.मस्जिद दिलाराम बाजार | -8:00 | 60.मदीना मस्जिद झील मसूरी | -9:15 |

**संकलन व जारी करता**

जमीअत-ए-उलेमा-ए-हिन्द जिला देहरादून।

मदरसा दार ए अरकम आजाद कालोनी, देहरादून।

## एक नजर .......

### धर्मपुर मंदिर समिति ने शोभा यात्रा निकाली



**देहरादून।** हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2082 चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर धर्मपुर मंदिर समिति की और से शोभा यात्रा का आयोजन किया। शोभा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर धर्मपुर से शुरू हो कर नेहरू कालोनी होते हुए वापस धर्मपुर मंदिर में वापस आई। शोभा यात्रा में पार्षद अमित भंडारी, सीता राम भट्ट, महेश जोशी, अनिल शर्मा, धीरज ओबरॉय, अनीता शर्मा, अशोक सुदी, परवीन साहनी, दिशा शर्मा, संगीता, नवीन आहूजा, रमणीक, कृष्णा सोनी, रेखा सोनी व सेफू आदि शामिल थे।

### डॉ. मुकुल को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**देहरादून।** डॉ मुकुल शर्मा को उत्तराखण्ड के राज्यपाल की और से उत्तराखंड टाइटन राज्यपाल पुरस्कार प्रदान किया गया है। डॉ. शर्मा पिछले लगभग 20 सालों से लगातार समाज के प्रति अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं उनका मानना है की शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क का स्वस्थ होना भी जरूरी है इसके कारण उन्होंने उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में अपनी सेवाएं दी है। पिछले साल 2024 में डॉ. शर्मा और उनकी टीम ने लगातार स्कूल, कॉलेज, कॉरपोरेट नशा मुक्ति केंद्र तथा लोकल बसों में जा जाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अंत में उनको अपना अभियान 'ना नाश करेंगे ना नशा करने देंगे' के बारे में अवगत कराया और एक शपथ दिलाई कि वह जीवन में कभी भी नशा नहीं करेंगे। डॉ. मुकुल शर्मा की संस्था संख्य योग फाऊंडेशन व इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ साइकोमेट्रिक काउंस.लिंग भारत के माध्यम से अपने युवाओं को नशा छोड़ने की प्रेरणा के लिए एक सफल फिल्म का निर्माण किया है जिस फिल्म का नाम रीटेक है जो जल्दी सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को मोटिवेटकरेगी।

### डॉ नेहा को मिली फिक्की फ्लो के नेशनल गवर्निंग बॉडी की सदस्यता

**देहरादून।** फिक्की फेडरेशन हाउस, नई दिल्ली में आयोजित 41वें फ्लो



एनुअल सेशन में 2025-26 नेशनल नेशनल गवर्निंग बॉडी की घोषणा हुई। जिसमे उत्तराखंड की डॉ नेहा शर्मा को फिक्की फ्लो के नेशनल गवर्निंग बॉडी का सदस्य नामित किया गया। डॉ नेहा शर्मा जो कि फिक्की फ्लो, उत्तराखण्ड चौप्टर 2022-23 की पास्ट चेयरपर्सन भी रही हैं और प्रदेश की भाजपा , महिला मोर्चा की मीडिया इंचार्ज भी है। चम्पावत निवासी डॉ नेहा शर्मा त्रिकोण सोसाइटी, एनजीओ की डायरेक्टर, काफल रिसोर्ट एंड रिट्रीट की डायरेक्टर तथा हिमालयन काफल की फाउंडर भी है जिनका कर्यालय देहरादून में स्थित है। इस कार्यक्रम में फिक्की फ्लो की प्रेजिडेंट , पूनम शर्मा, डायरेक्टर ,आयुर्वेदान्त प्राइवेट लिमटेड, फाउंडर वीरांगना फाउंडेशन तथा फिक्की फ्लो, पास्ट प्रेजिडेंट हरजिंदर कौर भी उपस्थित रही।

### वृद्धा को टक्कर मारने वाले कार चालक पर केस

**हल्द्वानी।** गौलापार में एक वृद्धा को टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गौलापार निवासी अर्जुन आर्या ने बताया कि उनकी मां जानकी देवी 26 नवंबर को दोपहर सड़क किनारे पैदल चल रही थी, तभी सितारगंज की ओर से आ रही इना.वा कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। आरोप है कि पुलिस ने शुरू में तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद अर्जुन आर्या एसएसपी से मिले, जिसके बाद काठगोदाम पुलिस ने मामला दर्ज किया। काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि आरोपित कार चालक, चंडीगढ़ निवासी नेत्र सिंह बिष्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# उत्तरकाशी में डोर टू डोर चलेगा 'मेरा वोट मेरा अधिकार अभियान': थापर




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देश पर उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने 'मेरा वोट मेरा अधिकार अभियान' के तहत मतदाता संरक्षण समिति गठित की है, जिसके प्रदेश सह संयोजक अभिनव थापर शनिवार को उत्तरकाशी पहुंचे। थापर ने पार्टी कार्यकर्ताओं, वरिष्ट नेताओ, निकाय चुनावों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के साथ एक बैठक कर व्यापक चर्चा की।

थापर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने यह विस्तृत ट्रेनिंग कार्यक्रम 'मेरा वोट मेरा अधिकार' की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी गठित की है, मेरा वोट-मेरा अधिकार का कांग्रेस पूरे प्रदेश में विस्तृत चरणबद्ध अभियान चलायेगी। उत्तरकाशी में कुछ वार्ड चिन्हित कर यह अभियान डोर टू डोर चलाया जाएगा। उत्तराखंड मताधिकार संरक्षण समिति ने उत्तराखंड में जिलेवार, नगर निगम वार विस्तृत कार्यक्रम बना लिया है, और प्रदेश भर में वंचित वोटरों से आरटीआई लगा कर चुनाव आयोग से नाम काटने के कारण जाने जाएंगे।

बैठक में जिलाध्यक्ष मनीष राणा ने कहा के उत्तरकाशी में सैकड़ों वोट काटे गए व एक-एक मकान में फर्जी 100 व 150 वोट जोड़े गए जिससे चुनाव परिणाम प्रभावित होने की आशंका है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह रावत ने व्यापक स्तर पर वोटर लिस्ट में कटे हुए नामों को चिन्हित करने का तरीका समझाया।

# अधिवक्ता से मारपीट, वकीलों ने घेरी चौकी

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी के जजी कोर्ट परिसर में एक जूनियर अधिवक्ता से मारपीट की घटना सामने आई है। मारपीट से गुस्साएं अधिवक्ताओं ने भोटिया पड़ाव चौकी में जमकर हंगामा काटा और आरोपी महिला अधिवक्ता व उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों द्वारा कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया जिसके बाद वकीलों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामला दो दिन पुराना है। अधिवक्ता दीपक पंत वरिष्ठ अधिवक्ता के अधीन प्रैक्टिस करते है। वहीं एक युवती भी उन्हीं के अधीन वकालत के गुर सिख रही है। मामले में पीड़ित अधिवक्ता दीपक पंत का कहना है कि दो दिन पहले वकालत की पढ़ाई कर रही छात्रा से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि छात्रा ने पैर मार उनका बैग गिरा दिया था, जिस पर उन्होंने युवती को डांट दिया था। दोनों के बीच कहासुनी भी हुई, लेकिन वहां मौजूद अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला निपटा दिया। हालांकि घटना युवती के दिल में रह गई। उसने यह बात अपने भाई अतुल गुप्ता को बताई और शनिवार को वह अपने भाई अतुल को लेकर जजी पहुंच गई। युवती के भाई अतुल ने फोन कर अधिवक्ता को जजी के बाहर बुलाया और वह जैसे पहुंचे उसने अधिवक्ता पर हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता के सिर पर चोट आई और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से ?रार हो गया। घटना से गुस्साए अधिवकताओं ने बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ भोटियापड़ाव पुलिस चौकी का घेराव कर दिया। अधिवक्ता तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। बात नहीं बनी तो अधिवक्ताओं ने धरना और नारेबाजी शुरू कर दी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चौकी प्रभारी अनिल कुमार अधिवक्ताओं को कार्रवाई का भरोसा दे पाए। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में युवती को बुला कर पूछताछ की गई है।

# हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति जुड़ने का सशक्त माध्यम: जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने हिंदू नववर्ष कार्यक्रम में की शिर.कत, छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं आकर्षण का केंद्र, अशोक चक्र विजेता अमर शहीद हवलदार बहादुर सिंह बोहरा के नाम पर रखा जाएगा विलासपुर कांडली क्षेत्र की एक सड़क का नाम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित 11 जी. आर.आर.सी. जूनियर हाई स्कूल, घंघोड़ा में हिंदू नववर्ष शविक्रम संवत 2082 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह कार्यक्रम विलासपुर कांडली पूर्व सैनिक कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी को हिंदू नववर्ष शविक्रम संवत 2080 एवं चौत्र नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति और परंप.राओं से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ष्यह नव संवत्सर हमें अपने गौरवशाली इतिहास और मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमें अपने ऐतिहासिक और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पूर्व सैनिक कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समा.जसेवा में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

जोशी ने देहरादून के विलासपुर कांडली निवासी 'अशोक चक्र' विजेता अमर शहीद हवलदार बहादुर सिंह बोहरा की वीरता को नमन करते हुए क्षेत्र की एक सड़क का नाम उनके सम्मान में रखने की घोषणा भी की। इसके अलावा उन्होंने 11 जी. आर.आर.सी. जूनियर हाई स्कूल, घंघोड़ा में निजी निधि से स्कूल में एक कक्ष निर्माण की भी घोषणा की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आरती में भी शामिल हुए और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की भी कामना की।

इस अवसर पर राज्यमंत्री कैलाश पंत, पीबीओआर अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह, नरेंद्र राणा, विनोद अवस्थी, जगदीश पांडे, गिरीश उनियाल, मेहरबान राणा, शांति बोहरा, मंजू देवपा आदि उपस्थित रहे।

## ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी के जन्म दिवस समारोह में पहुंचे कांग्रेसी

**देहरादून।** कांग्रेस के जाने-माने संत और जय राम आश्रम के अधिष्ठाता ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को हरिद्वार में दिग्गज कांग्रेसी नेता पहुंचे।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के अलावा राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष करन माहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, सूर्यकांत धस्माना, ऋषिकेश से हाल के चुनाव में विधानसभा के उम्मीदवार रहे जयेन्द्र रमोला, हरिद्वार के विधायक मदन कौशिक, मकबूल कुरैशी, डॉ संजय पालीवाल, सोनी मिश्रा, प्रदीप चौधरी समेत अनेक संत देश के कई बड़े व्यवसायी शिक्षक समाजसेवी सोशल एक्टिविस्ट इस कार्यक्रम में पहुंचे और ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी को उनके जन्म दिवस पर बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी समाज हित में बहुत ही उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं, जिससे समाज में बड़ा बदलाव आ रहा है। सभी ने ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी को बधाई दी।

# अभिनेत्री कोठारी को पसंद आई एलोरा मेल्टिंग मोमेंट्स की बेकरी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**



**देहरादून।** एक कार्यक्रम के सिलसिले में दून पहुंची अभिनेत्री नीलम कोठारी शनिवार को राजपुर रोड स्थित एलोरा मेल्टिंग मोमेंट्स में पहुंची जहां उन्होंने न सिर्फ वहां की बेकरी प्रोडक्ट का आन्नद लिया वहीं लोगों के साथ फोटोस भी खिंचवाई।

इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए अभिनेत्री नीलम ने कहा कि उत्तराखंड से उनका पुराना नाता रहा है।उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग मसूरी और उत्तराखंड के कई हिस्सों में की है। ऋषिकेश में भी उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग की है, यही नहीं जब भी किसी फिल्म में पहाड़ों का बर्फ का सीक्वेंस होता था तो कश्मीर के बाद पहली पसंद उत्तराखंड ही होता था तो उत्तराखंड से उनका आज का नाता नहीं है बहुत पुराना नाता है।

वही एलोरास मेल्टिंग मोमेंट्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह पहले भी यहां बहुत पहले आई है और आज एक बार फिर यहां पर आकर उनको बहुत अच्छा लग रहा है। इस मौके पर मेल्टिंग मोमेंट्स के ओनर ड्रोन गुलाटी ने अपने पूरे स्टाफ से नेहा को मिलवाया और उनको उपहार स्वरूप बेकरी प्रोडक्ट्स भी दिए इस मौके पर रमेश गांधी, सौरभ ध्यान, फारसी वाधवा व प्रिया गुलाटी आदि मौजूद रहे।

## सलीम-सुलेमान के संगीत के साथ हुआ लम्हे-2025 का समापन

**देहरादून।** आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी के वार्षिक इंटर-यूनिवर्सिटी टेक्नो-मैनेजमेंट उत्सव लम्हे-2025 के तीसरे और अंतिम दिन देश के 30 से अधिक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों ने अपने प्रदर्शनों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। विभिन्न स्कूलों द्वारा कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य आकर्षण नृत्य-ओ-लॉजी जैसे कार्यक्रम शामिल थे। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने एचआर बैटल, वर्बल वॉली, ट्रक शंक और मार्केटिंग मिस्ट्री जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की। स्कूल ऑफ लॉ ने श्स्टार वॉर्स ऑफ लॉश और श्एक्सटेंपोरश प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जबकि स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट ने तौलिया ओरिगेमी और टूरिज्म क्विज जैसे मनोरंजक कार्यक्रम पेश किए। स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने टू मिनट मिस्ट्रीज और एंटरटेनमेंट क्विज के माध्यम से छात्रों का उत्साह बनाए रखा।

# शादाब शम्स ने 'सौगात-ए-मोदी' के तहत 375 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट बांटी

■ प्रदेश भर में चलाया जा रहा है यह अभियान: शम्स



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने शनिवार को देहरादून के माजरा में 'सौगात-ए-मोदी' पहल के तहत 375 गरीब परिवारों को राशन किट वितरित की। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाना और समाज में समरसता को बढ़ावा देना है।

किट वितरण कार्यक्रम के दौरान शादाब शम्स ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को साकार करने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि इन किटों में आटा, दाल, चावल, तेल, चीनी, सेवइयां, खजूर, मेवा और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल हैं, ताकि रमजान और ईद के दौरान किसी भी गरीब परिवार को परेशानी न हो।

कार्यक्रम में कई स्थानीय गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस मौके पर लाभार्थियों ने सरकार और वक्फ बोर्ड का आभार जताया।

'सौगात-ए-मोदी' अभियान के तहत देशभर में लाखों अल्पसंख्यक परिवारों तक सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। देहरादून में आयोजित यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज के जरूरतमंद वर्गों को सहयोग प्रदान करने की पहल को दर्शाता है।

इस मौके पर निवर्तमान पार्षद आफताब आलम, मदरसे के नाजिम मौलाना शाकिर, मस्जिद के सदर परवेज अहमद, अब्दुल कादिर, धामावाला प्रशासक गुलफाम शेख, लखीबाग प्रशासक मुस्तकीम हसन व वसीम अंसारीअआदि मौजूद रहे।

## 1.2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस

**देहरादून।** अमेजन इंडिया ने आज देश भर में 'अमेजन.इन पर बिक्री करने वाले लाखों छोटे व्यवसायों की मदद के लिए सेलर्स फीस में अपनी अब तक की सबसे बड़ी कटौती की घोषणा की। अमेजन.इन पर सेलर्स की वृद्धि को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपनी ने 300 से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर से रेफरल फीस पूरी तरह हटाने (जीरो रेफेरल फीस) का प्रावधान किया है। रेफरल फीस एक तरह का कमीशन है, जो सेलर्स बेचे गए हर प्रोडक्ट के लिए अमेजन को देते हैं। अमेजन इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के निदेशक, अमित नंदा ने कहा, अमेजन इंडिया में, हम सभी सेलर्स को आगे बढ़ने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारी सफलता उनकी सफलता में निहित है। हम करोड़ों प्रोडक्ट्स पर रेफरल फीस को समाप्त कर और शिपिंग लागत को कम कर सेलर्स के लिए 'ड्डंवद.पद पर बिक्री को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। यह पहल अमेजन पर सेलर्स की वृद्धि का समर्थन करती है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री 108 स्वामी सच्चिदानन्द वेद भवन संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय रुद्रप्रयाग में साधारण सभा की सदस्यता हेतु अपरिहार्य कारणों से पुनः विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है, जिन आवेदकों द्वारा साधारण सभा की पूर्व विज्ञप्ति के अनुसार शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट विद्यालय में उन्हें आवेदन/शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट जमा करने की आवश्यकता नहीं है। पुनः इस विज्ञप्ति के अनुसार साधारण सभा के सदस्यता हेतु इच्छुक व्यक्ति साधारण सदस्य हेतु 501/रुपए आजीवन सदस्य हेतु 2100/रुपए वह संरक्षक/संस्थापक विशेष आजीवन सदस्य हेतु 5100/रुपए का बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक श्री 108 स्वामी सच्चिदानन्द वेद भवन संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय रूद्रप्रयाग के नाम हो प्रबंध तंत्र के किसी भी सदस्य के पास 19 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकता है।

**प्रबंधक**

**श्री 108 स्वामी सच्चिदानंद वेद भवन संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय रुद्रप्रयाग**

### देसंविवि में राष्ट्रीय एकता व सनातन संस्कृति पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# समस्याओं का समाधान सनातन संस्कृति में निहित: शेखावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** देवभूमि विकास संस्थान देहरादून एवं देसंविवि के संयुक्त तत्वावधान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता और सनातन संस्कृति विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, देसंविवि के प्रतिकुलपति डा.चिन्मय पण्ड्या, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, हंस फाउण्डेशन की संस्थापिका माता मंगला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। सभी ने राष्ट्रीय एकता एवं सनातन संस्कृति के विकास के लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर बल दिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जब दुनिया के लोग अपने जीवन एवं अस्तित्व के लिए संधर्षरत थे, तब भारत के ऋषि-मुनि, संत-महात्माओं ने मानव कल्याण- विश्व कल्याण के लिए तप साधना की और विभिन्न वेद शास्त्रों एवं ग्रंथों की रचना की, जो सनातन संस्कृति के संवाहक बनें। आज पूरा विश्व विभिन्न देशों में टकराव, पर्यावरण, मानसिक स्वास्थ्य आदि विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसका एकमात्र समाधान भारतीय संस्कृति-सनातन संस्कृति में निहित है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति के वैभव, उत्कर्ष एवं उत्थान के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। देश में सनातन संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में सभी को मिलकर काम करना चाहिए।



देसंविवि के प्रतिकुलपति डा.चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि वर्तमान समय भारतीय सनातन संस्कृति के पुर्नजागरण का है। इस समय भारत का भविष्य लिखा एवं गढ़ा जा रहा है। ऐसे समय में भारत के गौरवशाली अतीत से कुछ सीखना अनिवार्य हो जाता है। भारत की सनातन संस्कृति अजर-अमर है। यह हजारों महान ऋषियों के कारण है। सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया। माता मंगला ने कहा कि संत सनातन संस्कृति के रक्षक हैं। इनके मागदर्शन एवं संरक्षण में सनातन संस्कृति पर आयोजित यह कार्यशाला निश्चित रूप से सफल साबित होगी। इससे पूर्व अतिथियों ने शौर्य दीवार में अपनी भावांजलि अर्पित की तथा प्रज्ञेश्वर महादेव में पूजा अर्चना कर सनातन संस्कृति के उत्तरोतर प्रगति होने हेतु प्रार्थना की। डा.चिन्मय पण्डया ने केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिह शेखावत, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं हंस फाउण्डेशन की संस्थापिका माता मंगला को गायत्री महामंत्र लिखित चादर, युगसाहित्य, प्रतीक चिह्न आदि भेंटकर सम्मानित किया। अतिथियों ने विवि द्वारा संपादित कई पत्रिकाओं आदि का विमोचन किया। इस दौरान भोलेजी महराज, विधायक मदन कौशिक, मेयर किरण जैसल, शांतिकुंज व्यवथापक योगेन्द्र गिरि, कुलपति शरद पारधी सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, देसंविवि- शांतिकुंज परिवार, मीडिया कर्मी, गणमान्य नागरिक, दून विश्ववविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी आदि उपस्थित रहें। सम्मेलन में सनातन संस्कृति से जुड़े विभिन्न धाराओं पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अध्यक्ष डा. विजय धस्माना ने स्वास्थ्य और मानसिक शांति, दून विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सुरेखा डंगवाल ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलु, जीबी पंत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एम.एम चौहान ने आत्मनिर्भर भारत पर अपने विचार व्यक्त किए।

# स्कॉर्पियो सवार अज्ञात बदमाशों ने गुरुकुल के छात्र पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित हरीलोक कॉलोनी में दिनदहाड़े स्कार्पियो में सवार हो कर आए अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को दौड़ा दौड़ा कर लाठी डंडों से पीटा लहूलुहान होने पर हवाई फायरिंग करने के बाद कर मौके से फरार हो गए। हवाई फायरिंग की आवाज सुनकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची ज्वालापुर पुलिस ने घायल युवक को भूमानंद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम उत्तरप्रदेश से ब्लैक स्कार्पियो में आए बदमाशों ने गुरुकुल में पढ़ रहे शामली निवासी एक छात्र को लाठी-डंडो से बुरी तरह पीटा। जिससे वह घायल हो गया और उसके सर में चोट आई। जब स्थानीय लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो बदमाशों ने उन्हें धमकी दी और हवाई फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी पंकज गैरोला, ज्वालापुर सीओ अविनाश वर्मा, ज्वालापुर इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट, एसएसआई नितिन चौहान घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटने के बाद भूमानंद अस्पताल पहुंचे। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि घायल युवक का नाम उज्ज्वल निवासी शामली बताया है। हरिद्वार गुरकुल कांगड़ी में बीफार्म की पढ़ाई करता है। नगर कोतवाली क्षेत्र ब्रह्मपुरी में अपने रिश्तेदार के मकान में रहता है। घटना से पहले छात्र जुर्स कंट्री से अपने दोस्त के घर से आ रहा था। एसा माना जा रहा है पुल पुरानी रंजिश के चलते बदमाशों ने बदला लेने के लिए छात्र को पीटा है। छात्र को कई दिन से फोन पर भी धमकी मिलने की बात सामने आई है। पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुट गई है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा भी खंगाल रही है। जनपद भर में नकाबन्दी कर स्कार्पियो की तलाश की गई। अभी तक लेकिन पुलिस के हाथ कोई सुराग नही लग पाया है।ज्वालापुर सीओ अविनाश वर्मा ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर करीब दो से तीन बजे के आसपास की है। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के सराय रोड कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने हरीलोक कॉलोनी में एक ब्लैक कलर की मेरठ नंबर स्कार्पियो ने एवेंजर बाइक स्वार छात्र को रोका और कार से उतर कर बदमाशों ने लाठी-डंडो से उसे बेरहमी से पीटा। जब आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराना चाहा तो बदमाशों ने उन्हें धमकाते हुए हवाई फायरिंग कर दी और छात्र को सड़क पर अधमरी हालत में पड़ा छोड़ मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घायल छात्र का भूमानंद अस्पताल लें उपचार चल रहा है। छात्र खतरे से बाहर बताया जा रहा है। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस लगी हुई है। जल्दी ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने दोस्त की तहरीर पर सात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बाकी पुलिस घटना की जानकारी जुटा रही है। जल्द ही घटना के पीछे की वजह पता लग जाएगी।

# धर्मेंद्र चौधरी बने प्रेस क्लब हरिद्वार के अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी अश्विनी अरोड़ा को 28 मतों से हराया

### महासचिव दीपक मिश्रा एवं कार्यकारिणी के 20 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब, हरिद्वार के वार्षिक चुनाव में एनयूजे (आई) उत्तराखंड एवं उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन को भारी जीत मिली है। अध्यक्ष महासचिव सहित कार्यकारिणी के 20 पदों पर महागठबंधन के प्रत्याशी विजय हुए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि चुनाव में 122 सदस्यों ने मतदान किया। महागठबंधन के प्रत्याशी धर्मेंद्र चौधरी को 74 मत प्राप्त हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी अश्विनी अरोड़ा को 46 मत प्राप्त हुए। दो मत निरस्त हुए। इस प्रकार धर्मेंद्र चौधरी 28 मतों से विजयी घोषित हुए। प्रदीप गर्ग ने बताया कि महासचिव पद पर दीपक मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए आशु शर्मा, महेश पारिक, संजय




रावल, रामकुमार शर्मा, बृजपाल सिंह, संजय चौहान, अमित कुमार गुप्ता, हिमांशु द्विवेदी, सुनील पाल, मुकेश वर्मा, सुभाष कपिल, तनवीर अली, बालकृष्ण शास्त्री, काशीराम सैनी, विकास कुमार झा, संदीप रावत, सुनील मिश्रा, मयुर सैनी, संदीप शर्मा और डा. प्रविन्द्र कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। एनयूजे आई के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र कन्नोजिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, जिला अध्यक्ष आदेश त्यागी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष संजय आर्य, महासचिव अमित गुप्ता सहित सभी साथियों ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# स्पर्श गंगा अभियान के तहत चलाया गंगा सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्पर्श गंगा अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका, अभिनेत्री, निर्माता एवं समाजसेवी डा. आरुषि निशंक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों और स्पर्श गंगा प्रहरियो के साथ कश्यप घाट पर गंगा सफाई अभियान चलाया। गंगा स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए आरूषि निशंक ने कहा कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और जीवन का आधार है। यह एक छोटी लेकिन प्रभावशाली पहल है, जो समाज में बड़े बदलाव ला सकती है। एनएसएस के छात्रो ने जोश और संकल्प के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया हैं। उन्होने कहा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी को स्वच्छ और संरक्षित रखना है। स्पर्श गंगा अभियान लगातार इस दिशा में काम कर रहा है और लोगों को जागरूक कर रहा है कि वे भी इस मुहिम से जुड़ें। उन्होंने हरिद्वार वासियों से अपील की कि वे इस एक संकल्प, एक प्रयास, एक स्वच्छ गंगा अभियान का हिस्सा बनें और गंगा को निर्मल बनाए रखने में अपना योगदान दें। गौरतलब है कि आरुषि निशंक वर्षो से स्पर्श गंगा अभियान का संचालन कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत वे महिला शसक्तिकरण, सामाजिक कल्याण, पर्यावरण संग्रक्षण और गंगा यमुना सफाई जागरूकता अभियान करती आ रही हैं।



# वंचित और गरीब लोगों की सेवा के लिए कार्य कर रही भारत विकास परिषद : तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत विकास परिषद सामाजिक उत्थान हेतु संपर्क, संस्कार व सहयोग के संकल्प के साथ प्रेरणादायक कार्य कर रही है। परिषद समाज के वंचित और गरीब लोगों की सेवा प्रकल्प के रूप में कार्यक्रम कर रही है। उक्त विचार आर्य नगर ज्वालापुर स्थित होटल में परिषद की भेल ज्वालापुर शाखा के चुनाव कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आदर्श पाल सिंह तोमर ने व्यक्त किए। आदर्शपाल सिंह तोमर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति संगठन के प्रति समर्पित रहकर ही आम आदमी एवं समाज के लिए सेवा कार्य कर सकता है। शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं एलडीएम संजय संत ने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता अपने कार्य में व्यस्त रहने के बावजूद वंचित व गरीब लोगों की बढ चढ कर सहायता कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाखा अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहां कि परिषद समाज के गरीब व वंचित लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षक तथा परिषद के जिला संयोजक कुशलपाल सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा कि परिषद में हर व्यक्ति सेवा भाव से आता है। इस व्यस्त जीवन में से समय निकालकर लोगों की मदद करना ही अनुकरणीय व प्रशंसनीय कार्य है।



चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति में शाखा के वर्ष 2025 -26 के लिए सभी पदाधिकारीगण निर्विरोध चुने गए। नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि समाज व संगठन में रहकर ही व्यक्ति का सामाजिक व व्यक्तित्व का विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव भागीरथ पाहवा ने किया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से भेल ज्वालापुर शाखा के नए नवनियुक्त अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, सचिव गजेंद्र रतुडी, कोषाध्यक्ष सुरेश जैनर, उपाध्यक्ष महिला सहभागिता सुशीला शर्मा का खेमचंद शर्मा, नरेश जैनर, विजय सेठी, अनिल बवेजा, राजन भारद्वाज, अशोक पालीवाल, जसपाल, विदेश गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर राम गुप्ता, विनोद गुप्ता, गजेंद्र सिंह आदि शाखा के सदस्य उपस्थित रहे।

# सुराज सेवा दल संगठन ने सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा में सुराज सेवा दल संगठन ने सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध जताया है। उनका कहना है कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को हरिहार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा अभद्र टिप्पणी कर दलितों का अपमान किया है। उन्होंने त्रिवेंद्र सिंह रावत के इस्तीफे की मांग की है। शनिवार को सुराज सेवा दल संगठन के कार्यालय धनपुरा में प्रभारी जावेद अली व फैजान अली के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जावेद अली ने कहा कि उत्तराखण्ड के दलितो एवं पूरे भारत के दलित आधिकारियों में अभद्र टिप्पणी पर रोष प्रकट हो रहा है। साथ ही सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत के विभिन्न स्थानों पर पुतले भी दहन किये जा रहे है। कहा कि सांसद को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिये उन्होंने दलित अधिकारी को गलत शब्दो का प्रयोग कर ठेस पहुंचाई है, सुराज सेवा दल अधिकारी के साथ खड़ा है। कहा कि सांसद ने एक जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद घिनोनी व ओछी



हरकत की है। उन्होंने डा० भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान में दलितों के उत्थान के बजाय जाति सूचक शब्द बोलकर भारत के संविधान की धज्जियां उड़ा दी है। ऐसे सांसद का तत्काल इस्तीफा आना चाहिए जिसने संविधान एवं दलितों का अपमान किया है। इस दौरान सनव्वर, सकुरा, गुलजार, नाजिम गुलशनववर, मुकर्रम, योगेश, दिनेश, अर्जुन, जुल्फकार, इमरान, जावेद, नोशाद, सरफराज, इमरान, रोहित आदि उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालना पड़ा भारी

# पुलिस ने युवक को तमंचा व कारसूस समेत दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र में गस्त चैकिंग के दौरान सुभाषगढ़ रेलवे फाटक पर एक युवक को तमन्चे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी रात के अंधेरे में तमंचा लहराकर रील बनाकर और उसे सोशल मीडिया पर डालकर अपने इंस्टाग्राम दोस्तों पर रौब गांठता था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर शाम गस्त चौकिंग के दौरान सुभाषगढ़ रेलवे फाटक से एक कार सवार युवक को तमन्चे के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक इंस्टाग्राम पर श्गैंगस्टरश बनने के सपने देख रहा था, लेकिन असली जिंदगी में उसकी फिल्मी स्क्रिप्ट चंद मिनटों में ही धराशायी हो गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मंजीत सिंह, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के गांव आइकी का रहने वाला है। बताया कि वह सोशल मीडिया पर हरिद्वार के कुछ लड़कों से जुड़ा हुआ था




और उन्हें इम्प्रेस करने के लिए अवैध तमंचा लेकर वीडियो बनाता था। उसने हाल ही में देशी तमंचे के साथ एक ब्लंडर रील बनाई थी, जो उसने इंस्टाग्राम पर अपलोड की थी। लेकिन यह स्टाइल उसके लिए काल बन गया। आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। कार को सीज किया गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को अवैध तमन्चे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मंजीत यूपी मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। इंस्टाग्राम पर रील बनाकर सोशल मीडिया पर रोब गालिब करता था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन ने कराई प्रतियोगिता

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता इंटर नेशनल टेनिस फेडेरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के डायरेक्टर सीनियर टेनिस खिलाड़ी व उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुमित गोयल रहे। प्रतियोगिता में रानीखेत के सुमित गोयल अपने युगल साथी विजेंद्र चौहान के साथ 50 वर्ष की युगल स्पर्धा के चैम्पियन रहे। प्रतियोगिता में जर्मनी के डी-होस्ट डोरियल, नागालैंड के हुरि केने रो तू, रायबरेली के सुनील कुमार, लखनऊ की ज़ेबा खान, देहरादून के लोकेश चुग एवं कुशल शर्मा, चंडीगढ़ के सलख सिंह पुरिया, हैदराबाद के अया स्वामी पिला मुरुहू, मुरादाबाद के यशपाल अरोड़ा, देहरादून के प्रदीप वालिया अपनी-अपनी आयु वर्ग में विजेता रहे। प्रतियोगिता का उदघाटन को विशिष्ट खेल सचिव डीजीपी अमित सिन्हा के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी सिंह एवं वालिया रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# संत समागम व कीर्तन दरबार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम में निर्मल संतपुरा ट्रस्ट सोसाइटी द्वारा महापुरुषों को समर्पित और 70वीं 101 अखंड पाठ साहिब की लड़ी की आरंभता पर संत समागम और महान कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। चार दिवसीय 20वें महान समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुगणों ने पहुंचकर शबद कीर्तन का आनंद लिया। इस दौरान महंत हरपाल दास, हरजिंदर सिंह खालसा, संदीप सिंह, परमजीत सिंह ने कथा, कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपना जीवन सफल कर सकता है। जब भी कोई कार्य करें तो परमात्मा या महापुरुषों को स्मरण करें। जिस स्थान पर नाम स्मरण करोगे वहां प्रभु स्वयं आते है। गुरु घर में सभी बराबर हैं। गुरु महापुरुषों का आशीर्वाद मिलने से कोई कष्ट नहीं होता। इस अवसर पर संत बाबा कुलवंत सिंह, संत बाबा मोहन सिंह, संत बाबा विक्रमजीत सिंह, संत बाबा चमकौर सिंह लोहगढ़, संत मंजीत सिंह, संत तरलोचन सिंह, संत बलजिंदर सिंह शास्त्री, महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, इंदरजीत सिंह बिट्टू, हरविंदर सिंह, नवनीत चावला, जोगेंद्र सिंह सेठी, हरजीत सिंह दुआ, सुरेंद्र सिंह, इंदरजीत सिंह बेदी, हरजीत कौर, नैनी महेंद्रू, सरबजीत कौर, गुरविंदर सिंह, राजिंदर सिंह आदि हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पुलिस ने ईद-उल-फितर को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर की सहयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के दर्जनों गांव में ईद उल फितर पर ईदगाहो में नमाज अदा की जानी है। इस मौके पर मुल्क की तरक्की व शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बैठक का सहयोग बनाए रखने की अपील की है। मीटिंग का आयोजन फेरुपुर पुलिस चौकी व थाना परिषर में किया गया है। मीटिंग में ग्राम प्रधान सहित मौजिज लोग उपस्थित रहे।

गांव धनपुरा, पदार्था, नाशिरपुर कला, गडोवाली, सराय, कस्समपुर, बुढाहेड़ी, चाँदपुर, कटारपुर, गुर्जर बस्ती आदि दर्जनों गांव में ईद के मौके पर पुलिस ने ग्राम प्रधान व गांव के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक कर सहयोग की अपील की है। सनिवार को पथरी एसओ मनोज नोटियाल व फेरुपुर चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक ने थाना व चौकी प्रांगण में मीटिंग का आयोजन किया। एसओ ने कहा कि धनपुरा ईदगाह समेत तमाम ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की नमाज अदा करनी है। इसके लिये पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए है। कोई भी व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। बताया कि पूर्व में जो लोग जहाँ नमाज पढ़ते है वही नमाज पढ़े कोई भी नई परम्परा को अंजाम न दे। इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति हुड़दंग करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा कि सभी लोग मिलझुलकर ईद का त्योहार बनाये ऐसा कोई कार्ये न करे कि जिससे दूसरे व्यक्तियों को ठेस पहुंचे। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान गालिब हसन, पूर्व ग्राम प्रधान डा. अब्दुल समन्ध, जुलकर नैन, पूर्व ग्राम प्रधान सलीम अहमद, अब्बास अली, जाहिद हसन, अब्दुल सलाम, डॉक्टर नूरअली, शमशेर, साजिद अली, नसीम अंसारी, नसीर अंसारी आदि मोजूद रहे। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया सभी ईदगाहों पर पुलिस व पीएसी को तैनात किया गया है। ताकि नमाज सकुसल सम्पन कराई जा सके। हुड़दंग करने वालो को बक्सा नही जाएगा।



# हरिद्वार सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** खनन सचिव के बयान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के एक न्यूज चैनल को दिए गए बयान के बाद विवाद बढ़ना शुरू हो गया। सांसद के खिलाफ एससी/एसटी समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और उनके बयान को समाज का अपमान बताया। प्रदर्शन में मौजूद लोगों ने सांसद रावत के खिलाफ नारेबाजी भी की। शनिवार को ज्वालापुर के मौहल्ला कड़च्छ में एससी/एसटी समाज के लोगों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश कुमार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के एक टीवी चैनल को दिए गए बयान को लेकर विरोध जताया और जमकर नारेबाजी भी की। कांग्रेसी नेता दिनेश कुमार ने बताया कि सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बयान देकर एससी/एसटी समाज का अपमान किया है। उनके बयान से समाज में रोष है। समाज का अपमान बिलकुल भी बर्दाश्त नही करेंगे। अपने इस बयान के लिए सांसद को माफी मांगनी होगी। जब तक वह माफी नही मांगेगे उनके खिलाफ प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदर्शन करने वालों में ललित कुमार, मांघे राम, रमन, पवन, टाला भाई, मनोज, संजय, जिले सिह, सुधीर कुमार, पारुल सहित एससी/एसटी समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# समाज के लिए बेहद जरूरी है शिक्षा : ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जयराम आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के जन्मदिवस के मौके पर संत महापुरुषों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान गंगा पूजन, रूद्राभिषेक, हवन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि आश्रम से शिक्षा, चिकित्सा, गौ सेवा के प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। शिक्षा को महत्व देने की आवश्यकता है। शिक्षा समाज के लिए बेहद जरूरी है। अच्छी शिक्षा से ही युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है और देश को ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने उन संस्थाओं को भी साधुवाद दिया जो शिक्षा के लिए प्रयास कर रही है। कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है तो शिक्षा जरूरी है। शिक्षित समाज ही देश को प्रगति की ओर अग्रसर कर सकता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में योगदान करने के साथ संत समाज शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महारा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, सूर्यकांत धस्माना, राज्य आंदोलनकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, मकबूल कुरेशी, अंजू द्विवेदी, मेयर किरण जैसल, रुड़की के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक, डा.संजय पालीवाल, प्रदीप चौधरी, डा.दिनेश पुंडीर आदि ने स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



Page7---_26 June -doon page-7.qxd 3/29/2025 9:35 PM Page 1



## असहाय-जरूरतमदों के चेहरे खिला गया डीएम का जौनसार-बावर दौरा

# डीएम शिविर बरसा गया फरियादियों पर खुशियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जिलाधिकारी सविन बंसल का दूरस्थ क्षेत्र त्यूनी में बहुउद्देशीय शिविर जहां जनता के लिए कई सौगात लेकर आया वहीं असहाय एवं निर्बल लोगों के लिए भी किसी सपने से कम नहीं है।एक ओर जहां महिला को मौके पर ही आर्थिक सहायता, दिव्यांगों को पेंशन व उपकरण, दिव्यांग बच्चों को उपकरण पेंशन के साथ रिस्पांसर योजना से पढाई तथा बाधाधार निवासियों के लिए गैस वितरण प्याईट सब मौके पर ही निर्णय लिया।फनार निवासी दुर्गा देवी जिनके पति की मृत्यु पिछले वर्ष हो गई है, उनका विद्युत बिल 17 हजार रुपए का भुगतान रायफल फंड से विद्युत विभाग को भुगतान किया गया।मुन्धौल निवासी गरीब महिला प्रमिला देवी को भवन क्षति पर डीएम ने त्वरित कार्यवाही कराते हुए तहसील त्यूनी में महिला के नाम आर्थिक सहायता का चैक जारी कर महिला को दिया।



### दिव्यांग को पढाई के लिए स्पोंसरशिप योजना से 4 हजार प्रतिमाह

बहुउद्देशीय शिविर में 11 वर्षीय डिरनाड़ निवासी दिव्यांग बालक कार्तिक को मिला ट्राई साईकिल स्पॉसरशिप योजना से शिक्षा हेतु 4 हजार के साथ ही समाज कल्याण विभाग से प्रतिमाह दिव्यांग पेंशन स्वीकृत। वहीं किरण 17, कनिष्का 10. जगतराम 38, सुमित 8, रेमेश सिंह 38, मंयक चौहान 7, हर्षवर्धन सिंह राणा 9. बैसाखु 45, बालक राम 25, अभीराम 53, कीरत सिंह, इलमदीन 38, इसानी 5. शिवांश 5, आशिष 9, कार्तिक 7. आयुष 11, सृष्टि पंवार 2, दिव्यांश 9 को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत। 16 वर्षीय किशोरी रविना को स्पांसरशिप योजना से पढाई के लिए 4 हजार प्रतिमाह।

# एकल प्रयोग प्लास्टिक के बहिष्कार का संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** ग्राम पंचायत टुंगरा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं को एकल प्रयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेर चंद सुमन ने कहा कि प्लास्टिक का अधिक उपयोग पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए घातक है।जलने पर इससे निकलने वाली गैस हानिकारक होती है, और यह पशुओं के लिए भी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि हमें पुराने कपड़ों से थैले बनाकर उनका उपयोग करना चाहिए, जिससे प्लास्टिक की निर्भरता कम होगी।इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने पुराने कपड़ों से बने बैग की प्रदर्शनी भी लगाई।शिविर के दूसरे सत्र में डॉ. गौरव वार्ष्णेय, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, ऋषिकेश परिसर ने शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा के लिए व्यक्तित्व विकास अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया कि वे दृढ़ संकल्प के साथ समाज की सेवा करें, क्योंकि भविष्य में वही देश का नेतृत्व करेंगे।इस अवसर पर डॉ. सीमा बेनीवाल, डॉ. सुदिप्ता कंडारी, अर्जुन सिंह सहित अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# केदार सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** नागथात के केदार सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।इसी के साथ कक्षा पंचम के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर इंदिरा अग्रवाल ने की, जबकि प्रधानाचार्य केसर सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।उन्होंने कक्षा पंचम के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके आगामी शैक्षिक सफर में सफलता की प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पूजा नेगी, आचार्य वनिता तोमर, रिंकल, अभिभावक लक्ष्मी, कविता, प्रतिभा, पूर्णिमा नेगी, मीरा टामटा, रमेश टामटा, पूर्व अध्यक्ष दिलेराम, वधमान राठौर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह में सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### द दून ग्लोकल स्कूल में पैरेंट-टीचर मीटिंग और इनाम वितरण समारोह

**विकासनगर।** द दून ग्लोकल स्कूल, जामनपुर, सेलाकुई में पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन किया गया।इस दौरान छात्रों की रिपोर्ट कार्ड और प्रगति रिपोर्ट कार्ड दिए गए। माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई और उनकी तरक्की पर बातचीत करने का अवसर मिला।इसके साथ ही, एक पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी कक्षा में सबसे अच्छे अंक प्राप्त किए।इसके अलावा, पूरे साल नियमित रूप से स्कूल आने वाले बच्चों को भी इनाम दिया गया। विद्यालय में अच्छे व्यवहार और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए उन छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया।

# महिला आयोग अध्यक्ष ने किया थाना सतपुली का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**पौड़ी।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल जनपद पौड़ी के दो दिवसीय दौरे पर हैं।इस दौरे के दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष ने थाना सतपुली का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना अध्यक्ष से महिलाओं से संबंधित केसों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक थाने में महिला डैस्क (हैल्प लाइन) में की सुनवाई की जाती है। अधिकतम मामलों में मौके पर निस्तारण हो जाता है, अन्यथा महिलाएं अपने अधिकारों के लिए राज्य महिला आयोग में आ सकती हैं। निरीक्षण के समय जानकारी में पाया गया कि थाना सतपुली में वर्ष 2025 में महिला सम्बन्धी केवल दो केस पंजीकृत हुए थे।दोनों का आपस में समझौता करा कर, मामले का निस्तारण कर दिया गया है। कुसुम कण्डवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सुरक्षा को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। आयोग की अध्यक्ष ने थाने में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि पुलिस महिलाओं के लिए व उनसे सम्बंधित मामलों में संवेदनशील रहें एवम शीघ्र अति शीघ्र महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण करें।

- **महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम ने दिए निर्देश, महिलाओं की समस्याओं को संवेनशीलता से सुनें**

## 10 किमी. लंबा लाखामंडल-बर्निगाड मार्ग की स्थिति कच्चे रास्ते जैसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** लाखामंडल क्षेत्र के जर्जर सड़कों की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने लाखामंडल बाजार से बर्निगाड तक क्षतिग्रस्त मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण की मांग की।ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि बर्निगाड बेंड से लाखामंडल तक करीब 10 किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह खराब हो चुका है। सड़क की स्थिति कच्चे रास्ते जैसी हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही श्रद्धालुओं को भी आवागमन में कठिनाई हो रही है।सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और बिखरी हुई बजरी के कारण वाहनों के चलाने में जोखिम बना रहता है। इसके अलावा, ग्रामीणों ने पुलिस चौकी मोड़ पर टूटी दीवार, लाखामंडल बाजार की ओर आने वाले नाले के पास पार्किंग क्षेत्र की टूटी दीवार समेत अन्य जरूरी मरम्मत कार्यों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन देने वालों में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा, ओम प्रकाश, घनश्याम, दीवान सिंह, आशाराम, बाबूराम, माधु राम, विनोद गौड़ सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

**ग्रामीणों ने डामरीकरण की मांग को लेकर लोनिवि अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन**

# उस्ताद अबीर हुसैन और पंडित मिथिलेश झा की जुगलबंदी से संगीतमय हुआ एसजीआरआरयू

**विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट महंत देवेंद्र दास महाराज ने कार्यक्रम के आयोजकों को दी शुभकामनाएँ**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय (एस.जी.आर.आर.यू.) में स्पीक मेके ने भारतीय शास्त्रीय श्रृंखला उत्तराखंड के तहत प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद अबीर हुसैन और तबला वादक पंडित मिथिलेश झा की जुगलबंदी पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया।स्पीक मेके द्वारा विभिन्न भारतीय शास्त्रीय श्रृंखलाओं को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।इसी श्रृंखला में शनिवार को श्री गुरु राम विश्वविद्यालय में संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट महंत देवेंद्र दास महाराज ने कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएँ प्रेषित की।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ कुमुद सकलानी, कुलसचिव डॉ लोकेश गंभीर, आई आई सी के निदेशक प्रो डॉ द्वारिका प्रसाद मैथानी, कार्यक्रम की संयोजक प्रो डॉ पूजा जैन व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो डॉ मालविका कांडपाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो डॉ कुमुद सकलानी ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत भारत की समृद्धि सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि ध्यान, आध्यात्मिकता और मानसिक शांति प्रदान करने का भी एक माध्यम है। कार्यक्रम का निर्देशन आईआईसी के निदेशक प्रो डॉक्टर द्वारिका प्रसाद मैथानी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही एक समृद्ध और व्यापक प्रणाली है जो वेदों ,उपनिषदों, दर्शन, आयुर्वेद, योग, ज्योतिष ,संगीत, कला ,शिल्प, गणित और विज्ञान सहित विभिन्न विषयों को समाहित करती है। कार्यक्रम में उस्ताद अबिर हुसैन और पंडित मिथिलेश झा ने ध्रुतलय पर अपने अनूठे कौशल और संगीत की गहराई से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रो पूजा जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव से किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों के साथ सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

- **भारतीय शास्त्रीय संगीत भारत की समृद्धि सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग : डॉ. कुमुद सकलानी**



# प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति रहना चाहिए जागरूक : राज्यपाल

**राजभवन में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर भारतीय मानक ब्यूरो ने आयोजित किया कार्यक्रम**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने प्रत्येक व्यक्ति से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक उपभोक्ता भी होता है, और उसे अपने अधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति पूरी तरह से जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के बारे में अज्ञानता शोषण का कारण बन सकती है इसलिए उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि उपभोक्ता अधिकार दिवस का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं या ग्राहकों को उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत आने वाले कानूनों के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने कहा कि मिलावटी सामग्री का वितरण, अधिक दाम वसूलना, बिना मानक वस्तुओं की बिक्री, नाप-तौल में अनियमितता, गारंटी के बाद सर्विस प्रदान नहीं करने के अलावा ग्राहकों के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने और उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण संबंधी जानकारी के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में भारतीय मानक ब्यूरो ने अपनी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल बना दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऑनलाइन शॉपिंग एक बड़े प्लेटफॉर्म के रूप में उभरकर सामने आया है। भारतीय मानक ब्यूरो इस दिशा में भी उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करता है।बीआईएस द्वारा जारी किया गया 'बीआईएस केयर ऐप' उपभोक्ताओं के लिए एक बहुत ही सरल और प्रभावी टूल है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता को विश्व स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि मानक और गुणवत्ता उत्कृष्ट होंगे, तभी हमारी वस्तुओं और उत्पादों की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को भी उपभोग के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।उन्होंने सभी लोगों से उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें न केवल स्वयं जागरूक होना है, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, उप महानिदेशक उत्तरी क्षेत्र बीआईएस स्नेहलता, ब्रिगेडियर के.जी. बहल एवं बीआईएस देहरादून के प्रमुख एवं निदेशक सौरभ तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# चारधाम यात्रा मार्गों का डीएम ने किया निरीक्षण

**भद्रकाली चेक पोस्ट और खारास्त्रोत पार्किंग का जिलाधिकारी ने लिया जायजा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शनिवार को चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भद्रकाली में परिवहन और पुलिस की चेक पोस्ट, खारास्त्रोत पार्किंग, तपोवन में परिवहन की चेकपोस्ट, बजरंग सेतु सहित अन्य स्थानों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एनएच-34 के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चोपड़ियाली, खाड़ी, ताछिला, बगड़धार जैसे संवेदनशील स्थानों पर मरम्मत कार्यों की जानकारी ली। खाड़ी में सड़क मरम्मत कार्यों को लेकर बीआरओ अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू किया जाएगा।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यात्रा से पहले सभी सड़कों से मलबा हटाने, नालियों की सफाई करवाने, झाड़ी कटान और रंग रोगन का कार्य पूरा कर लिया जाए।खाड़ी क्षेत्र में विशेष रूप से ब्लैक टॉपिंग, पैराफिट निर्माण, क्रैश बैरियर और साइनेज लगाने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एआरटीओ से यात्रा मार्ग पर वाहनों की गति नियंत्रण व्यवस्था की जानकारी ली और ताछिला में स्थापित वाहन स्पीड मीटर का निरीक्षण किया। एआरटीओ ने बताया कि एक वाहन स्पीड मीटर एनएच-7 पर साकनीधार में भी स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी ने बीआरओ अधिकारियों को बगड़धार में चारधाम यात्रा के दौरान टाइम मशीन लगाने के निर्देश दिए ताकि यात्रा संचालन सुचारू बना रहे।भद्रकाली चेक पोस्ट निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी आयुष अग्रवाल ने यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बीआरओ अधिकारियों को भद्रकाली चौराहे पर बने डायवर्जन के डिजाइन को ठीक करने, नगर पालिका नरेंद्रनगर को पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सुव्यवस्थित यातायात संचालन हेतु बैरियर लगाने के निर्देश दिए।

खारास्त्रोत पार्किंग निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को 15 अप्रैल तक यात्रा मार्गों की सफाई पूरी करने, कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित करने और निराश्रित पशुओं को गौशाला भेजने के निर्देश दिए गए। तपोवन में परिवहन चेक पोस्ट का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया तेज करने और भारी वाहनों की ओवरलोडिंग की नियमित जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा, ब्रह्मपुरी और भद्रकाली में सीसीटीवी के माध्यम से वाहनों की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन बजरंग सेतु का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र नेगी, एआरटीओ सतेंद्र राज, बीआरओ अधिकारी सुरेंद्र सिंह, तहसीलदार नरेंद्रनगर ए.पी. उनियाल, नगरपालिका मुनिकीरेती की अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## पीएम श्री जीआईसी जाखणीधार के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज जाखणीधार के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर शिक्षा और स्वास्थ्य को पहाड़ों में पलायन रोकने का महत्वपूर्ण साधन बताया गया।

शनिवार को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय के प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रमुख जगदंबा प्रसाद रतूड़ी, ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी और निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया।पूर्व प्रमुख जगदंबा रतूड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए पीएम श्री स्कूलों की शुरूआत की गई है, जहां छात्रों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से चर्चा

**नई टिहरी (शाह टाइम्स)।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर नई टिहरी के इणियां में टीएचडीसी के सहयोग से प्रस्तावित अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के संबंध में गहन वार्ता की।केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने इस परियोजना को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने राज्य सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेज स्थापना में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।उन्होंने ऊर्जा मंत्रालय से जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।गौरतलब है कि 15 जुलाई 2023 को विधायक किशोर उपाध्याय के अनुरोध पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने टीएचडीसी को मेडिकल कॉलेज निर्माण के स्पष्ट निर्देश दिए थे।इस परियोजना को लेकर विधायक किशोर उपाध्याय इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और टीएचडीसी ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के लिए करीब 13 हेक्टेयर भूमि का चयन कर लिया है। सभी औपचारिकताएं पूरी कर प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है।केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने टीएचडीसी के सीएमडी को निर्देशित किया कि वह राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर जल्द कार्यवाही करें।विधायक उपाध्याय ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले ही चिकित्सा शिक्षा सचिव को इस परियोजना को प्राथमिकता देने के निर्देश दे चुके हैं। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत सभी हितधारकों के साथ बैठक कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत और टीएचडीसी के सीएमडी राजीव कुमार विश्नोई के साथ इस विषय पर महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है।

# डीएम ने की गौशाला को व्यवस्थित करने को राजस्व विभाग के माध्यम से ढाई लाख देने की घोषणा

शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिया।** गौ संरक्षण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में साहिया पहुंचे जिलाधिकारी संविन बंसल ने कहा की जौनसार बावर दूरस्थ क्षेत्र है।

मुख्यमंत्री का प्रयास है कि प्रत्येक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं धरातल पर उतरी जाए।इस मौके पर उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण के क्षेत्र में समिति द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है उन्होंने गौशाला को व्यवस्थित करने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से ढाई लाख रुपए देने की घोषणा की। साहिया स्थित मंडी मैदान में आयोजित सम्मेलन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य है की अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच पहुंचना है और शासन बहुउद्देशीय शिविर जनता मिलन आदि कार्यक्रम के माध्यम से यह प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा है कि जौनसार बावर दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंच सके इसलिए शासन कार्य कर रहा है। हनोल को मास्टर प्लान के अनुसार व्यवस्थित तरीके कार्य किया जा रहा है।इसको अंतिम रूप तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है।जौनसार बावर में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने को लेकर उप जिला अधिकारी कालसी के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय संगठन को प्रस्ताव भेजा गया है जिसकी जवाबदेही स्वयं शासन ने ली है शीघ्र ही इस क्षेत्र के लिए केंद्रीय विद्यालय भी खोला जाएगा। जिससे यहां के बच्चों को लाभ होगा।लखवाड व्यासी विस्थापित लखवाड व्यासी बहुउद्देशीय परियोजना है जिसके लिए प्रधानमंत्री ने भी धन स्वीकृत किया है। इसके प्रभावित सभी लोगों को समुचित प्रतिकर, मुआवजा, उनका विस्थापन सुलभता के साथ किया जाए।उन्होंने गौ संरक्षण सेवा समिति सहिया को अपने मद से ढाई लाख रूपए देने की बात कही।

# श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रो गौरव वार्ष्णेय ने औचक निरीक्षण किया। महाविद्यालय में स्वयंसेवियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा था। श्रीदेव सुमन यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने छात्रों द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की।

निरीक्षण के दौरान प्रो. गौरव वार्ष्णेय ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयंसेवियों को समाज के प्रति जागरूक करना है।ऐसे शिविर स्वयंसेवियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का आयोजन वीरा फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर 142 बार रक्तदान कर चुके संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो0 आनंद सिंह उनियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ उनियाल ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और हमें इसके महत्व को समझना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराना है।

### गंगा व सहयोगी नदियों की दी गई जानकारी

इसके अलावा आज वीर शहीद केसरी चन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में नमामि गंगे के तत्वावधान में चल रहे सेमिनार के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दलिप सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर प्रो. निरंजन सिंह राठी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए गंगा एवं उसकी सहयोगी नदियों के बारे में जानकारी दी तथा नदियों के संरक्षण हेतु जागरूक होने का आग्रह किया।सेमिनार में प्रो० आरएस गंगवार, प्रो. अरविंद अवस्थी, डॉ. आरपी बडोनी, डॉ. वीर राघव खंडूरी, डॉ. कृतिका नेगी, डॉ. श्वेता पांडे, प्रो. ज्योति खरे, एसोसिएट प्रो. राखी डिमरी सहित अन्य प्राध्यापकों एवं छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## उत्तराखंड में वनाग्नि से लड़ने को 'मोबाइल ऐप' एक नई शुरुआत

# विगत 3 वर्षों में इस साल सबसे कम फायर अलर्टः डॉ. धनंजय



■ अवैध पातन, अतिक्रमण व अवैध शिकार की शिकायत को हेल्पलाइन नंबर 1926 किया जा रहा संचालित

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में वनाग्नि को रोकने के लिए एक अनोखा कदम उठाया गया है, जिसके तहत 'वनाग्नि उत्तराखंड मोबाइल ऐप' अब सिर्फ वन विभाग के कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि स्थानीय ग्राम प्रधानों, वन पंचायतों के सरपंचों, महिला-युवा मंगल दलों और स्वयं सहायता समूहों के लिए भी उपलब्ध कराया गया है।

इस ऐप का मुख्य उद्देश्य राज्य में वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखना है और इससे जुड़ी जानकारी व चेतावनियों को तुरंत उपलब्ध कराना है।शनिवार को मंथन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रमुख वन संरक्षक हॉफ डॉ. धनंजय मोहन व अपर प्रमुख वन संरक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन निशान्त वर्मा ने कहा कि वन विभाग की और से वनाग्नि प्रबन्धन, अनुश्रवण के लिये मुख्यालय स्तर पर एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) स्थापित करने के साथ-साथ राज्य में सूचना, चेतावनी व प्रबन्धन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वनाग्नि उत्तराखंड मोबाइल ऐप विकसित किया गया है।

### कम हुए वनाग्नि के अलर्ट

देहरादून। प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन ने दावा किया कि इस साल वनाग्नि के अलर्ट में कमी आई है। उन्होने कहा कि पिछले तीन वर्षों की तुलना में इस साल अब तक सबसे कम वनाग्नि अलर्ट प्राप्त हुए हैं। इसका मतलब यह है कि विभाग की और से उठाए गए कदम, जैसे कि जागरूकता अभियान और ऐप का बेहतर उपयोग, काफी सफल रहे हैं। वनाग्नि नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने 'सीतलाखेत मॉडल' को राज्य के अन्य हिस्सों में लागू करने की योजना बनाई है। इस मॉडल को अब तक 15 वन प्रभागों के कर्मचारियों और वन पंचायतों के सरपंचों को दिखाया गया है। इन एक्सपोजर विजिट्स का उद्देश्य सभी को वनाग्नि प्रबंधन की बेहतर समझ देना है।

# शिक्षा विभाग को मिले 25 उप शिक्षा अधिकारीः डॉ. रावत



■ नवनियुक्ति उप शिक्षा अधिकारियों को पर्वतीय क्षेत्रों दी प्रथम तैनाती

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग को 25 नये उप शिक्षा अधिकारी मिल गये हैं। राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित इन उप शिक्षा अधिकारियों को प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र के विकासखण्डों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। इनकी नियुक्ति से विभागीय के कार्यों में तेजी आने के साथ ही प्रशासनिक कार्यों में भी सुधार हो सकेंगे।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने में जुटी है, इसके साथ ही प्रशास. निक व्यवस्थाओं में भी लगातार सुधार किये जा रहे हैं। जिसके तहत विभाग में शैक्षणिक, प्रशासनिक व शिक्षणेत्तर संवर्गों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। जिसके क्रम में राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित 25 उप शिक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र के विभिन्न विकासखण्डों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में सुश्री दीक्षा बेलवाल को धौलादेवी, प्रशांत कुमार को भैसियाछाना, प्रज्ञानंद पलिहा को स्याल्दे, राजा रजनीश कर्ण को ताकुला, सुश्री अंजली चंद को लमगड़ा विकासखण्ड में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार रूद्रप्रयाग जनपद में तनुजा देवराड़ी को जखोली, अजीत सिंह कर्णवाल को ऊखीमठ, नैनीताल जनपद के तहत शुभम वर्मा को धारी, राशि बुधलाकोटी को बेतालघाट, चमोली जिले में भूपेन्द्र ढ़ौंडियाल को थराली, नेहा को पोखरी, योगेन्द्र प्रसाद को देवाल, बागेश्वर जनपद के अंतर्गत संजय कुमार भट्ट को कपकोट, हिमांशु बिष्ट को गरूड़, पिथौरागढ़ जिले में संस्कार त्रिपाठी को कनालीछीना, राज. श कुमार अटवाल को धारचूला, नीरज अधिकारी को गंगोलीहाट, उत्तरकाशी में सौरभ पाण्डेय को मोरी, पौड़ी में भारती गैरोला को कोट, मनोज कुमार जोशी को पोखड़ा, रवि कुमार को नैनीडांडा, किरन नेगी को रिखणीखाल, टिहरी जनपद में सुनील सिंह कार्की को भिलंगना, चम्पावत जिले में कमल भट्ट को बाराकोट और देहरादून जनपद में शिवानी कौशल को चकराता विकासखण्ड में उप शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनाती दी गई है। विभागीय मंत्री ने कहा कि नव नियुक्त उप शिक्षा अधिकारियों की तैनाती से दूरस्थ क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी साथ ही विभागीय कार्यों में भी तेजी आयेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त उप शिक्षा अधिकारियों को बधाई दी, साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्ति अधिकारी अपने कार्यों व दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू उत्सव दिवस मनाने को आवेदन की मांग

**देहरादून।**राज्यसभा सांसद डा. नरेश बंसल ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मार्गदर्शन व कुशल नेतृत्व मे भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है व विश्व में अपनी सनातन पहचान बिखेर रहा है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जीवों,अवधारणा, प्रसिद्ध लोगों,धार्मिक कारकों के लिए कई दिन और सप्ताह मनाए जाते हैं। ये सभी दिन संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा अनुमोदित हैं। डा. नरेश बंसल ने सदन के माध्यम से सरकार से निवे. दन किया कि हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदू भगवान, अवतारों,देवी-देवताओं पर उत्सव दिवस मनाने के लिए आवेदन करना होगा। डा. नरेश बंसल ने कहा कि हिंदू धर्म में भगवान की कई प्रसिद्ध जन्म तिथियां हैं, जैसे नरसिहं जयंती,राम नवमी, कृष्ण जन्माष्टमी, हनुमान जयंती आदि। जिन्होंने मानव रूप में जन्म लिया और लोगों को मानवता के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए पृथ्वी पर आए।डा. नरेश बंसल ने कहा कि हमें इन दिनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाना होग।

### रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सीएम बीएडीपी योजना के तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित विकासखंड कनालीछीना के छात्र-छात्राओं का रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण सातवें दिन यानी शनिवार को भी जारी रहा।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ धामी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति सफलः खजान दास

■ कांग्रेस के आरोप निराधार,तीन साल मैं 80 आरोपी किये गए रंगे हाथ गिरफ्तार, राज्य मे सर्वाधिक 5 गुना राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है खनन, बिजली, पुलिस, लोनि. वि, शिक्षा विभाग में आए सबसे ज्यादामामले

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस के लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी की उल्लेखनीय उपलब्धियों मे भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति भी रही है और जो भी मामले विपक्ष या आम जन के द्वारा लाये गए उनका न केवल संज्ञान लिया गया, बल्कि कार्यवाही को भी अंजाम दिया गया। वहीं राज्य मे खनन से पांच गुना राजस्व प्राप्त होने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद और दुष्प्रचार है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक राजपुर खजान दास ने कहा कि तीन साल के कार्यकाल में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नैतिक साहस दिखाते हुए बिना काल खंड देखकर उन सभी मामलों की जांच करायी जो कि एक नजीर है। इनमे विस में भर्ती घोटाले हो या नौकरियों मे हो रहे भ्रष्टाचार प्रमुख हैं। इसी के चलते राज्य मे नकल विरोधी कानून अस्तित्व मे आया जो कि देश मे नजीर बना। भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तराखण्ड सरकार की ताबड़तोड़ मुहिम जारी है। तीन वर्षों में लगभग 80 से अधिक लोगों को रिश्वतखोरी में रंगे हाथ पकड़ा जा चुका है जबकि दर्जनों लोगों को भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में लिया गया है। यह अभियान लगातार जारी है। उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। खजान दास ने कहा कि अब तक सामने आये मामलों मे यह साफ हुआ कि भ्रष्टाचार मे लिप्त व्यक्ति चाहे कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, उसे बक्शा नही गया और सलाखों के पीछे भेजा गया। इसके लिए सतर्कता विभाग को विशेष रूप से सक्रिय करने के साथ ही विशेष टोल फ्री नम्बर 1064 भी जारी कर दिया गया। इस एप के माध्यम से आरोपियों की रंगेहाथ गिरफ्तारी में तेजी आई है। बिजली, पुलिस, लोनिवि, शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा मामले इस दौरान सामने आये। उन्होंने कहा कि राज्य मे आज खनन ऐसा विभाग है जो कि पूर्व की अपेक्षा 5 गुना राजस्व अर्जित कर रहा है। यह राज्य की अर्थिकी के लिए अहम बना हुआ है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002 दूरभाष नं0 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050
email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **26.04.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी. एस.टी./ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **25.04.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00+18% जी.एस.टी० अर्थात् रू० 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-15/2024-25** : पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में परियोजना कार्यालय हेतु स्टेशनरी सामग्री (O. Ring File, Box File, etc.) की आपूर्ति करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

2) **T-16/2024-25:** पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन" में परियोजना कार्यालय हेतु पेपर रीम (A4 Size) की आपूर्ति करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

3) **T-17/2024-25:** पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में स्वच्छता के दृष्टिगत साफ-सफाई हेतु सफाई सामग्री (Sanitization Items, Floor Cleaners, Washroom Cleaners, Room Freshener etc.) की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।

4) **T-18/2024-25:** पिटकुल, मुख्यालय 'विद्युत भवन' में स्थापित परियोजना कार्यालयों के अन्तर्गत स्थापित कार्यालयों में उपलब्ध Sofa-Set, Blind, Chairs इत्यादि Dry Cleaning करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

5) **T-19/2024-25:** पिटकुल, मुख्यालय 'विद्युत भवन' में मुख्यालय के प्रयोगार्थ Printed Cobra Files की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

पत्रांकः- 108/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांकः- 29.03.2025

**अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0इ0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"


**न्यायालय परिवार न्यायाधीश महोदय, कुटुम्ब न्यायालय, जिला टिहरी गढवाल।**

तलाक याचिका सं०-18 सन-2025

**याची-** श्रीमती धनेश्वरी देवी पत्नी श्री चन्द्र सिंह नेगी निवासी ग्राम-ढिकवालगांव, पोस्ट-श्रीनगर, जिला-पौड़ीखाल गढ़वाल, हाल मायका ग्राम-गहड़, पट्टी-कडाकोट, तहसील-देवप्रयाग, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** 1. श्री चन्द्र सिंह नेगी पुत्र श्री जवाहर सिंह।
2. श्रीमती कविता पत्नी श्री चन्द्र सिंह नेगी दोनों निवासीगण ग्राम-ढिकवालगांव, पोस्ट-श्रीनगर, जिला-पौड़ी गढ़वाल।

आपको सूचित किया जाता है, याची के द्वारा उपरोक्त तलाक याचिका आप प्रतिवादीगण के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 29 माह 04 सन-2025 की तिथि नियत की गयी है, यदि आप प्रतिवादीगण को याची की याचिका पर कोई आपत्ति हो तो आप प्रतिवादीगण उक्त नियत तिथि पर असालतन या वकालतन प्रातः 10:00 बजे उपस्थित आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर देवें, आपके द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में उक्त तलाक याचिका में एक पक्षीय कार्यावाही अमल में लायी जावेगी।

आज दिनांक 27-03-2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षरों से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबंधक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, नई टिहरी टिहरी गढ़वाल।**

दी०वा०सं०-01 सन-2025

**वादिनी-** श्रीमती सुशीला देवी उम्र-52 वर्ष, पत्नी श्री त्रिलोक सिंह उर्फ प्यार सिंह निवासी ग्राम-पंचूर, पट्टी-पौड़ीखाल, तहसील-जाखणीधार, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** 1. सरकार उत्तराखण्ड द्वारा कलक्टर महोदय टिहरी गढ़वाल।
2. समस्त रिश्तेदारन आम व खास द्वारा प्रधान/प्रशासक ग्रामसभा- ग्राम-पंचूर, पट्टी-पौड़ीखाल, तहसील-जाखणीधार, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**तरतीवी प्रतिवादी-** कुलदीप सिंह उम्र-34 वर्ष, पुत्र श्री त्रिलोक सिंह उर्फ प्यार सिंह निवासीग ग्राम-पंचूर, पट्टी-पौड़ीखाल, तहसील-जाखणीधार, जिला-टिहरी गढ़वाल।

आपको सूचित किया जाता है, वादिनी के द्वारा उपरोक्त वाद अपने पति त्रिलोक सिंह उर्फ प्यार सिंह निवासी ग्राम-पंचूर, पट्टी-पौड़ीखाल, तहसील-जाखणीधार, जिला-टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड की दीवानी मृत्यु घोषित किये जाने हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 04 माह 04 सन-2025 की तिथि नियत की गयी है, यदि आप आम व खास को वादिनी के उक्त घोषणात्मक वाद पर कोई आपत्ति हो तो आप आम व खास उक्त नियत तिथि पर असालतन या वकालतन प्रातः 10:00 बजे उपस्थित आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर देवें, आपके द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यावाही अमल में लायी जावेगी।

आज दिनांक 27-03-2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षरों से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबंधक**
**सिविल जज**
**नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल**


**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्याः 0135-2763808, फैक्सः- 0135-2763508
सिन नं0:U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्रांक : 236 **निविदा समय विस्तार सूचना-1** दिनांक : 29.03.2025

अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), मनेरी भाली-II, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) द्वारा आमंत्रित निम्न निविदा के जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती है
निविदा संख्या - 42/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-II/24-25
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 05.04.2025 16:00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि : 08.04.2025 11:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-235 **ई-निविदा सूचना** दिनांक- 29/03/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम)/लजवि, यूजेवीएन लिमिटेड, श्रीकोट, श्रीनगर गढ़वाल इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदाये आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-
**निविदा सं0 : 19/अ.अ(जानपद-प्रथम)/उर्गम/2024-25**
**कार्य का नामः** जनपद-चमोली, उर्गम लजवि परियोजना (2x1.50) मे0वा0 के पावर हाउस के अन्तर्गत विकास एवं सुरक्षात्मक कार्य का कार्य।
**अनुमानित लागत :** रू० 29.66 लाख (जीएसटी अतिरिक्त)
**बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता तिथि :** 29.03.2025 को 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 22.04.2025 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद् गौचर (चमोली)

पंत्राक-1261/अ0नि0सू0/2024-2025/ दिनॉकः 29/03/2025

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद् गौचर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग की संक्रमित धनराशि से पालिका निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सीलबन्ध निविदायें दिनांक 17/04/2025 को अपराहन 2:00 बजे तक पालिका कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन सायं 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित निविदा समिति के सदस्यों एवं निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 15/04/2025 तक कार्यालय दिवस को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक निकाय कार्यालय में की जायेगी। दरों की वैद्यता के सम्बन्ध में रूपयें 100 के नॉनजुडिशियल फॉर्म के साथ रैवन्यू/रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचतपत्र (सेविंग पासबुक)/सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् गौचर के पदनाम बन्धक हो संलग्न की जानी आवश्यक है। कार्यो से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस को निविदा तिथि माना जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानितलागत | धरोहर धनराशि 3% | निविदा प्रपत्र का मूल्य + GST | कार्य अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-01 में श्री रणवीर चौधरी जी के घर से देयलका की ओर प्रथम बैण्ड तक मार्ग सुधारीकरण पुस्ता, चैम्बर कवर, नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 6.69 लाख | 20070.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 2 | वार्ड नं0-01 अनूप नेगी के घर के नीचे मुख्य मार्ग पर पाइप नाली एवं श्री अवतार सिंह के घर समीप पाइप नाली, रैलिंग तथा कुडसियाल आम निकट रैम्प निर्माण कार्य। | 3.66 लाख | 10980.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 3 | वार्ड नं0-01 में मेलू डाली से बृजूलाल की गोशाला होते हुए श्री सुशील राज के खेत होते हुए पानी की टंकी से आगे भैरवनाथ मंदिर से बनवारी लाल के घर तक पार्किग एवं दुपहिया वाहन मार्ग निर्माण कार्य। | 8.15 लाख | 24450.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 4 | वार्ड नं0-02 रावलनगर तल्ला में भैरवनाथ मंदिर से आम के पेड होते हुए रावलनगर मंदिर तक इण्टरलॉक टाइल रास्ता/चैम्बर नाली मरम्मत कार्य के साथ पेयजल पाइप लाइन सुव्यवस्थित कार्य। | 6.24 लाख | 18720.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 5 | वार्ड नं0-02 केन्द्रिय विधालय समीप श्री रघुवीरलाल की मकान समीप सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य एवं रावलनगर में जानकी देवी के घर से नगर पालिका मार्ग तक नाली निर्माण कार्य। | 3.82 लाख | 11460.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 6 | वार्ड नं0-03 शैल दुवा मोटर मार्ग से बसन्तपुर दरपाल के घर की ओर कुमाई गदेरे से ऊपर पानी की टंकी की ओर दुपहिया वाहन मार्ग, सी0सी0 इण्टर लॉकटाइल निर्माण कार्य। | 6.75 लाख | 20250.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 7 | वार्ड नं0-03 बसन्तपुर में निर्मित मिलनकेन्द्र के ऊपर कमरा निर्माण कार्य। | 5.77 लाख | 17310.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 8 | वार्ड नं0-04 एन0एच0-58 कोहली हार्डवेयर से श्री राजेन्द्र लाल के घर तक ह्यूम पाइप नाली चैम्बर तथा इण्टरलॉक टाइल निर्माणकार्य। | 6.40 लाख | 19200.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 9 | वार्ड नं0-04 में उमराव सिंह जीके घर से मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग तक ह्यूपाइप नाली निर्माण कार्य। | 3.54 लाख | 10620.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 10 | वार्ड नं-05 भटटनगर साकेत नगर में मुख्य मार्ग से दुर्गा रौथाण के मकान तक नहर के ऊपर मार्ग निर्माण कार्य। | 3.10 लाख | 9300.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 11 | वार्ड नं0-05 में कालिंका गेट से साकेत नगर नहर तक मार्ग चौडी करण, इण्टरलॉक टाइल एवं अनुरक्षण कार्य। | 4.15 लाख | 12450.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 12 | वार्ड नं0-05 श्री संत लाल के घर से किशन लाल के घर तक नाली, रास्ता सी0सी0 व टाइल निर्माण कार्य। | 3.75 लाख | 11250.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 13 | वार्ड नं0-06 पनाई शिवालय से जौहरी लाल जी के मकान तक रास्ता निर्माण, पाइपलाइन, रैलिंग व इण्टरलॉक टाइल निर्माण कार्य। | 6.87 लाख | 20610.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 14 | वार्ड नं0-06 में श्री दीपेन्द्र सिंह नगवाल जी के मकान से शिवलाल भारती की मकान होते हुए प्रहलाद बहुगुणा के मकान से पंकज रावत, रमेश डिमरी की मकान होते हुए पुष्कर सिंह रावत की मकान तक इण्टरलॉक टाइल व नाली निर्माण कार्य। | 4.25 लाख | 12750.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 15 | वार्ड नं0-07 बन्दरखण्ड में नहर के नीचे आमडाला से अंत्येष्टि घाट नदी तक इण्टरलॉक टाइल एवं अल्प रैलिंग कार्य। | 8.72 लाख | 26160.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 16 | वार्ड नं0-07 द्रोणागिरि में श्री रणजीत सिंह भण्डारी, श्री गजेन्द्र पंवार एवं श्री रमेश नेगी जी के घर से एन0एच0 तक (श्री महेश मिश्रा जी की दुकान) के बगल पर ब्लॉकेज सीवर लाइन का ट्रीटमैंट एवं विस्तारीकरण कार्य। | 6.74 लाख | 20220.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 17 | निकाय कार्यालय के समीप कैंटिन के ऊपर सम्पूर्ण इंटीरियल सामाग्री सहित कमरा निर्माण कार्य। | 7.96 लाख | 23880.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 18 | निकाय आवासीय भवन समीप अवस्थित भण्डार कक्ष का विस्तारीकरण कार्य। | 8.86 लाख | 26580.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 19 | श्री रघुनाथ मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण कार्य। | 12.35 लाख | 37050.00 | 1500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 20 | वार्ड नं0-01 पनाई शिवालय में सैल्फी प्वांइट का सौन्दर्यीकरण व विधुत ट्रॉसफार्मर की सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 3.17 लाख | 9510.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 21 | नगर क्षेत्र गौचर के प्रमुख स्थानों एन0एच0 58 होटल अर्जुन अवार्ड, मोहनी लॉज, द्रोणागिरि, अफसरमैस, बन्दरखण्ड को सैफली प्वाइंट में बदलने/सौन्दर्यीकरण कार्य तथा डेंजर जोन में वॉयर क्रीट रैलिंग कार्य | 6.25 लाख | 18750.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 22 | वार्ड नं0-02 नैल में प्रतिक्षालय एवं चबूतरों का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 3.00 लाख | 9000.00 | 500+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 23 | गौचर मेंला पाण्डाल के ऊपर अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 5.25 लाख | 15750.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 24 | निकाय कार्यालय समीप अशोक के आवासीय भवन में अनुरक्षण कार्य। | 5.15 लाख | 15450.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 25 | श्री मनवर लाला जी की दुकान से इण्टर कॉलेज गौचर गेट तक (1-5'x2-0') आर0सी0सी0 कवर नाली निर्माण एवं एस0बी0आई0 भवन समीप उत्तराखण्ड क्रांति मानीमेंट निर्माण कार्य। | 6.50लाख | 19500.00 | 1000+GST | 60 दिन | 45 दिन |
| 26 | बालमिकि कॉलोनी में सैप्टिक टैंक व दीवार अनुरक्षण कार्य। | 12.50 लाख | 37500.00 | 1500+GST | 60 दिन | 45 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**गौचर चमोली**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्**
**गौचर चमोली**

# राजस्थान को स्पिन के जाल में फंसाने उतरेगी सीएसके

## आईपीएल-2025

● सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर और जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर की बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती है

**गुवाहटी, वार्ता।** बरसापारा की धीमी मानी जाने वाली पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की स्पिन तिकड़ी रविवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाजों को दवाब में लाने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल 2025 का 11 वां मैच रविवार शाम 7:30 बजे में यहां खेला जायेगा। पिच के टर्न के अनुकूल होने की उम्मीद के बीच सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर अहमद और रवींद्र जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएसके ने इस सीजन की मिश्रित शुरुआत की है, उसने मुंबई इंडियंस को एक शानदार जीत से चैंका दिया था, लेकिन चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, आरआर ने शुरुआती दोनों मैच हारकर खुद को मुश्किल में पाया है और फॉर्म में वापसी की कोशिश कर रही है। आमने-सामने की स्थिति में, सीएसके 29 मुकाबलों में 16 जीत के साथ थोड़ा आगे है। हालांकि, हाल के वर्षों में आरआर का दबदबा रहा है, जिसने 2020 से पांच बार की चैंपियन के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं। नूर अहमद सीएसके के ट्रम्प कार्ड के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अब तक दोनों मैचों में महत्वपूर्ण प्रहार किए हैं। उनकी विविधता और स्पिन के अनुकूल ट्रैक पर पनपने की क्षमता उन्हें एक बड़ा खतरा बनाती है। उधर, हमेशा भरोसेमंद रहने वाले रवींद्र जडेजा रन रोकने और बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने में महत्वपूर्ण होंगे। संजू सैमसन समेत आरआर के शीर्ष क्रम के साथ उनका द्वंद्व मुकाबले को दिलचस्प सकता है। सीएसके के मिस्ट्री स्पिनर महेश दीक्षाणा एक निराशाजनक शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में नुकसान पहुंचाने के लिए सक्षम हैं। गुवाहाटी की धीमी सतह पर उनकी कैरम बॉल एक महत्वपूर्ण हथियार हो सकती है। आरआर की किस्मत यशस्वी जायसवाल पर निर्भर हो सकती है, जो 2023 से 160-4 की स्ट्राइक रेट से 1060 रन बनाकर उनके स्टैंडआउट बल्लेबाज रहे हैं। पावरप्ले में उनकी धमाकेदार शुरुआत सीएसके को शुरुआत में ही बैकफुट पर ला सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 66 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर आगे से नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके के लिए रचिन रवींद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जीतने वाली 65 रनों की पारी खेलकर पहले ही अपनी क्लास दिखा दी है और वह शीर्ष क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। हालांकि, सीएसके के मध्य क्रम की असंगतता चिंता का विषय बनी हुई है। बरसापारा ट्रैक पारंपरिक रूप से धीमे गें. दबाजों के अनुकूल रहा है, जिसमें स्पिनर 7-8 रन प्रति ओवर की इकॉनमी बनाए रखते हैं। मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रहा है, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने औसतन 158 रन बनाए हैं।

## केएल राहुल की मौजूदगी देगी दिल्ली कैपिटल्स को ताकत



○ दिल्ली ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी ओवन में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** केएल राहुल की मौजूदगी से दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मजबूती मिलने की संभावना है।

दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। आशुतोष शर्मा (31 गेंदों पर 66 नाबाद) और विप्रज निगम (15 गेंदों पर 39) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने एक विकेट शेष रहते 210 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हालांकि डीसी के लिए उसका शीर्ष और मध्य क्रम चिंता का सबब बना हुआ है। एलएसजी के खिलाफ जेक फेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल संघर्ष करते नजर आए थे वहीं मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा एसआरएच के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाने का लक्ष्य रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ की, लेकिन अपने दूसरे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ट्रैविस हेड (28 गेंदों पर 47 रन) के शानदार प्रयास के बावजूद, एसआरएच केवल 190/9 रन ही बना सका, जिसे एलएसजी ने आसानी से हासिल कर लिया। एसआरएच टूर्नामेंट में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप में से एक है, जिसमें अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें सिमरजीत सिंह और एडम ज़म्पा फॉर्म में नहीं हैं। कप्तान पैट कमिंस और वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को डीसी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कदम बढ़ाना होगा। विशाखापत्तनम की पिच ने हाल के मैचों में हाई स्कोर की प्रवृत्ति दिखाई है, जिसमें 200 से अधिक स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया गया है। स्पिनरों का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही मैच के अंतिम चरणों में गेंद के नीचे रहने की उम्मीद है। दोनों टीमों के पास मजबूत बल्लेबाजी होने के कारण, उच्च स्कोरिंग मुकाबला होने की संभावना है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टूर्नामेंट में हमारा अनुभव रहा शानदार: पूजा

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में उनका अनुभव शानदार रहा है। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीता है। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ, हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त किया। ओडिशा हॉकी एसोसिएशन ने भी 18 गोलों के साथ समान अंक प्राप्त किए, हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। सुप्रिया और सावी ने हॉकी हरियाणा के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार-चार गोल किए। कप्तान पूजा मलिक ने भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने आगे बढ़कर तीन गोल किए। फाइनल में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा (8') ने पहला गोल किया, लेकिन हॉकी हरियाणा के लिए काजल (12', 22') ने दो गोल किए, इसके बाद सावी (44') ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की।

### ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी दारिया कसात्किना

**दुबई, वार्ता।** स्थायी निवास के लिए आवेदन को स्वीकार किए जाने के बाद रूसी मूल की टेनिस खिलाड़ी दारिया कसात्किना अब ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। रूस के एलजीबीटीक्यू+ नियमों की आलोचना करने वाली और यूक्रेन में युद्ध का विरोध करने वाली 27 वर्षीय दारिया कसात्किना फिलहाल दुबई में रह रही हैं और पिछले ढाई साल से रूस नहीं लौटी हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने उन्होंने इस बात का खंडन किया था कि डब्ल्यूटीए टूर ड्रॉ समारोह में उनके नाम के आगे इस्तेमाल किए गए झंडे में गड़बड़ी के बाद उन्होंने स्पेन की नागरिकता ले ली है। आठ एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी जगह है जिसे मैं प्यार करती हूं, यह एक ऐसी जगह है जहां मैं पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे मेलबर्न में रहना पसंद है और मैं वहां अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैं अब से अपने पेशेवर टेनिस करियर में अपनी नई मातृभूमि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करूंगी। जाहिर है, इस निर्णय के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो आसान नहीं रहे हैं।

## जडेजा के नाम अनोखा डबल रिकॉर्ड



3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने

**चेन्नई, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हीं के होमग्राउंड चेपाक में हराया। टीम को 2008 में आखिरी जीत मिली थी। आरसीबी ने 196 रन बनाए, जवाब में सीएसके 146 रन ही बना सकी। बेंगलुरु ने 50 रन से मैच जीत लिया। सीएसके के विकेटकीपर एमएस धोनी ने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। आरस. ीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 3 कैच छूटे। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला विकेट विकेटकीपर एमएस धोनी की बहुत तेज स्टंपिंग के चलते मिला। 5वें ओवर की आखिरी बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। साल्ट कवर ड्राइव खेलने गए, लेकिन मिस कर गए। धोनी ने बाल कलेक्ट की और साल्ट का पैर क्रीज में आने से पहले ही गिल्लियां उड़ा दीं। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। फिल साल्ट 32 रन बनाकर आउट हुए। धोनी ने मुंबई के खिलाफ टीम के पहले मैच में भी इसी तरह की तेज स्टंपिंग की थी। तब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में मथीश पथिराना की बाउंसर विराट कोहली के हेलमेट पर लगी। विराट पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। फिजियो मैदान में आए और कोहली को चेक करने लगे। विराट ने कुछ देर बाद बैटिंग शुरू की और अगली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार को 3 जीवनदान मिले। दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और खलील अहमद ने 8 गेंद के अंदर रजत के 3 कैच छोड़े। इसके बाद उन्होंने 51 रन की पारी खेली। 12वें ओवर की तीसरी बाल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। पाटीदार ने शाट खेला, लेकिन गेंद लान्ग आफ पर खड़ी हो गई। हुड्डा तेजी से बाल के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 17 रन पर थे। 13वें ओवर की पहली बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर फेंकी। पाटीदार ने बड़ा शाट खेला, लेकिन गेंद कवर्स पोजिशन पर खड़ी हो गई। त्रिपाठी ने डाइव लगाई, लेकिन मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 19 रन पर थे। 13वें ओवर की पांचवीं बाल नूर अहमद ने फुलर लेंथ फेंकी। पाटीदार ड्राइव करने गए, लेकिन बाल थर्ड मैन की ओर खड़ी हो गई। खलील अहमद ने डाइव लगाई, लेकिन कैच छूट गया। पाटीदार इस वक्त 20 रन पर थे। 20वें ओवर में बेंगलुरु के टिम डेविड ने सैम करन के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। करन ने ओवर की शुरुआती 2 गेंदें डाट करा दीं। डेविड ने तीसरी बाल पर लान्ग लेग, चौथी गेंद पर सामने और पांचवीं गेंद पर लान्ग आन की दिशा में छक्का लगा दिया। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पाकिस्तान को शिकस्त

■ मार्क चैपमैन ने 132 और डेरिल मिचेल ने 76 रनों की पारी खेली

**नेपियर, वार्ता।** मार्क चैपमैन (132) और डैरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।

मैकलीन पार्क में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44-1 ओवरों में 271 रनों पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की जीत में बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा। शुरुआती तीन विकेट मात्र 50 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम के दवाब में आने की संभावना दिखने लगी थी मगर चैपमैन और मिचेल ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट खेले। पारी के 42वें ओवर में इरफान खान की गेंद पर आउट होने से पहले मिचेल चार चौके और इतने ही छक्के लगा चुके थे। दूसरे छोर पर चैपमैन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं बरता हालांकि वह भी जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। चैपमैन ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंद खेलकर 13 चौके और छह छक्के लगाये। जवाब में बाबर आजम (83 गेंदों पर 78 रन) की शानदार पारी और उस्मान खान (39), अब्दुल्ला शफीक (36), सलमान आगा (58) की बल्लेबाजी के बावजूद पाकिस्तान कीवी टीम के विशालकाय लक्ष्य को पाने में असफल रही।

## मियामी ओपन के फाइनल में नोवाक, 100वें खिताब के करीब

■ मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशि कर रहा हूं जो मुझे बड़ी ट्रॉफी दिलाएगा: जोकोविच

**फ्लोरिडा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रेव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रेव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रेव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोको. विच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रेव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद बुल्गारियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट की धीमी शुरुआत की। पिछले साल के परा. जित फाइनलिस्ट दिमित्रेव ने अपने तीन सर्विस गेम जीते, लेकिन जोकोविच बहुत अच्छे थे।

## तमीम ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार

● आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं: तमीम



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सला. मती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिए उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई। शुरुआती उपचार के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई और सोमवार को उन्हें एंजियोप्लास्टी सर्जरी के लिए ले जाया गया। तमीम को घटना के चार दिन बाद शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और उन्होंने मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में तमीम ने कहा कि आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं। इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को समझा है और एक नई जिंदगी पाई है। इस अहसास में सिर्फ़ प्यार और कृतज्ञता है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है। लेकिन अब मैंने इसे और भी ज़्ड़ादा तीव्रता से महसूस किया है। मैं वाकई अभिभूत हूँ। उन्होंने चिकित्सा पेशेवरों, अस्पतालों, सहयोगी कर्मचारियों और उन व्यक्तियों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44-05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के 9:48:48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अं. कता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53:63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है। मैंग्रम आमंत्रण में सोफी मैकमैनस ने 10:50:93 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हन्ना चाउ 10:58:98 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में यह तीसरी प्रतिस्पर्धी उपस्थिति थी। उन्होंने पटना में इंडियन ओपन यू 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में इस स्पर्धा में अपनी शुरुआत की थी, जहाँ वह विजयी हुई थीं। पारुल चौधरी ने बुडापेस्ट में 2023 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 9:15:31 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

### मनीषा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अम्मान, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनीषा ने रोमांचक फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर 2021 के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का पहला महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती स्वर्ण पदक हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के जरिए कजाकिस्तान की टाइनिस दुबेक पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की हनबिट ली को हराया और सेमीफाइनल में गत चैंपियन किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराया।

## गुजरात ने मुंबई को 197 का लक्ष्य दिया

● रोहित ने लगातार दो चौके मारे, सिराज ने अगली बॉल पर बोल्ड किया



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 197 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में मुंबई ने 8 रन पर पहला विकेट गंवा दिया हैं। रोहित शर्मा लगातार दो चौके मारकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। 3 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 30/1 है। तिलक वर्मा और रियान रिकेल्टन क्रीज पर हैं।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 41 बाल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। साई के अलावा, जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंडया ने 2 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला। रोहित शर्मा की जगह बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने दूसरा ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा के ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाई। इनमें दो चौके और एक छक्का शामिल रहा। 197 रन चेज कर रही मुंबई इंडियंस ने पहले ओवर में विकेट गंवाया। रोहित शर्मा ने पहला ओवर डाल रहे सिराज पर लगातार दो चौके लगाए। फिर अगली बाल पर सिराज ने रोहित को बोल्ड कर दिया। गुजरात टाइटंस ने ईशांत शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे शेरफेन रदरफोर्ट की जगह मैदान पर आए हैं। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 10 रन आए और 2 विकेट भी गिरे। पारी की आखिरी बाल पर साई किशोर रनआउट हुए। जबकि चौथी बाल पर राशिद खान पवेलियन लौटे। इस तरह गुजरात ने 196 रन बनाए। गुजरात ने लगातार तीसरी बाल पर विकेट गंवाया।रदरफोर्ट, राहुल तेवतिया और साई सुदर्शन आउट हुए। 19वें ओवर की दूसरी बाल पर शरफेन रदरफोर्ड (18 रन) को दीपक चाहर ने मिचेल सैंटनर के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर की पहली बाल पर राहुल तेवतिया (शून्य) रनआउट हुए। उन्हें हार्दिक पंडया ने डायरेक्ट थ्रो पर आउट किया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन (63 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने एलबीडब्ल्यू किया। 16वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया।

CMYK



## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-एक रुड़की में

# पुस्तक उपहार कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-एक रूड़की में आज पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नए सत्र में अगली कक्षा में जाने वाले बच्चे अपनी पिछली कक्षा की पुस्तकें विद्यालय में दान करते है तथा अपने लिए नयी कक्षा की दान में आई हुई पुस्तकें प्राप्त करते है। इसमें आज कक्षा एक से नौ तक के बच्चों ने आपस में किताबों का आदान-प्रदान किया। विद्यार्थियों तथा अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में अति उत्साह से भाग लिया।

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक.1रूड़की में आयोजित पुस्तक उपहार कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य पर्यावरण संरक्षण हैद्य इसके अलावा किताबों पर व्यय होने वाले पैसों की बचत तथा विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित करना भी इसमें निहित है। इस कार्यक्रम की सबसे अच्छी बात यह रही कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी पुस्तके आपस में बदलकर पेड़ों को कटने से बचाया तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना




सहयोग दिया। अपने आशीर्वचन में उप प्राचार्या सुश्री संगीता खोराना ने कहा कि छात्रों ने पूरे साल किताबों को पढ़ाए इसके बाद भी उन्होंने किताबों को संभालकर रखाए जिससे इनका इस्तेमाल दूसरे छात्र आसानी से कर सकेंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ उन छात्रों की भी मदद हो जाती है जो पुस्तके खरीदने में असमर्थ होते है। मुख्य अध्यापिका श्रीमती नेहा चौबे ने भी इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिभावकों को इस कार्यक्रम में अपना बढ़ चढ़कर सहयोग देने के लिए धन्यवाद् करते हुए पुस्तकालयाध्यक्ष पूनम कुमारी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के कागज बचाओ, पेड़ बचाओ अभियान के तहत हर वर्ष पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को बचपन से ही पर्यावरण, संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाया जा सके तथा उनमे सहयोग की भावना विकसित की जा सके। इस अवसर पर पूनम कुमारी कनिका खन्ना, संध्या पवार, श्रुति पालीवाल, अंजलि यादव, टीना अगरवाल, तृप्ति थपलियाल, एवं अंजलि सिंह आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# पांच हजार का इनामी गिरफ्तार 10.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। लक्सर पुलिस के द्वारा 5000 के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 10.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा पुरस्कार घोषित वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के संदर्भ मैं विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार पुलिस को वाछित इनामी अभियुक्तगण की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए जनपद के सभी थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया गया था। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 28 मार्च



2025 को लक्सर क्षेत्र से 5000 के इनामी नशा तस्कर को 10.60 ग्राम अवैध स्मेंक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम वाजिद उर्फ पतली पुत्रा ताहिर निवासी ग्राम लादपुर कला कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज गैरोला लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल पंचम प्रकाश रियाज अली ध्वजवीर सिंह मनोज शर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ 01 व्यक्ति को धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री/तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर द्वारा चौकी प्रभारी /हल्का प्रभारी/बीट कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। जिसके अनुपालन में दिनांक 28/3/2025 को भगवानपुर पुलिस द्वारा 50 पैकेट देशी शराब टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब के साथ अभि0 बबलू पुत्र लालू निवासी इब्राहिमपुर मसाईकला थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को ईशम सिंह कि कोठी पर जाने वाली चकरोड पर से गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्व थाना हाजा पर 60 आब0 अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभि0 को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। पकडक गये आरोपी से 50 पैकेट देशी शराब टैट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब बरामद कर ली है। पुलिस टीम में का0 राकेश प्रजापति थाना भगवानपुर, का0 देवेन्द्र सिंह नेगी थाना भगवानपुर शामिल रहे।

# टायर फैक्ट्री के श्रमिकों ने जुलूस निकालकर दिखाई ताकत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** अपनी मांगों को लेकर लक्सर टायर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। इसी के तहत आज श्रमिकों ने लंबा जुलूस निकाकर अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने मांगे न माने जाने पर` महापंचायत बुलाने की चेतावनी भी दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी मांगों को लेकर लक्सर टायर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। लक्सर टायर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों ने शनिवार को करीब दो किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला। उन्होंने मांगे न माने जाने पर 7 अप्रैल को महापंचायत बुलाने की चेतावनी भी दी है। फैक्ट्री प्रबंधन और श्रमिकों के बीच हर तीन



साल बाद होने वाले एग्रीमेंट को लेकर श्रमिकों की यूनियन करीब दो हफ्ते से धरना दे रही हैं। श्रमिकों का कहना है कि जब मांगें नहीं मानी जाती आंदोलन जारी रहेगा।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया 14 मार्च 2025 को रवि पाल पुत्र बलवंत निवासी ग्राम बहालपुरी थाना कोतवाली लक्सर द्वारा अपने पुत्र राहुल व परिजन प्रेमचंद पर जान से मारने की नीयत से हमला करने के संबंध में तहरीर दी गई थी। जिसमें संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी हरिद्वार द्वारा क्षेत्राधिकार को निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्तगणों की धर पकड़ के लिए संभावित स्थानों पर देकर उक्त अभियोग के संबंध में अभियुक्त साधुराम को रायसी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार होने की फिराक में था। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूडी कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# महिला कर्मचारी के खाते से ठगों ने 66 हजार उड़ाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** साइबर ठगों ने फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एक महिला कर्मचारी के खाते से हजारों की रकम साफ कर दी। महिला ने उस नंबर पर कॉल की तो साइबर ठग ने अभद्रता करने के बाद मोबाइल बंद कर दिया। महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी नीलम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में नौकरी करती है। शुक्रवार को वह कंपनी से वापस घर आ रही थी। इस बीच उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि जिस बैंक में उनका खाता है वह उस बैंक का अधिकारी बात कर रहा है। बताया कि कंपनी की ओर से उनके जिस खाते में वेतन भेजा जाता है वह आधार कार्ड से लिंक नहीं है। आधार कार्ड से खाता लिंक नहीं होने की वजह से उनके खाते में मार्च माह का वेतन नहीं आ सकेगा। वह खाता आधार कार्ड से लिंक कराना चाहती है तो कुछ बैंक संबंधी जानकारी देनी होगी। उसके झांसे में आकर महिला ने बैंक और आधार कार्ड सहित अन्य जानकारी दे दी। कॉल कटने के कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से 66 हजार रुपये की रकम निकाले जाने का मैसेज आया। मैसेज देखकर उनके होश उड़ गए। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने उस नंबर पर वापस कॉल की। उन्होंने कॉल रिसीव करने वाले से खाते से रकम निकालने का विरोध किया। इस पर उसने महिला के साथ अभद्रता कर दी और मोबाइल बंद कर दिया। तभी से उसका मोबाइल बंद आ रहा है। महिला ने कर्मचारी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कराई जा रही है।

# पुलिस ने चोरी किए फोन के साथ आरोपी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** पुलिस ने एक आरोपी को फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वादी आकाश नामदेव पुत्र दीपक नामदेव निवासी ग्राम रेहली थाना रेहली जनपद सागर मध्य प्रदेश हाल निवासी रायपुर थाना भगवानपुर (हरिद्वार)द्वारा तहरीर दी गयी कि किसी अज्ञात बाईक सवार द्वारा वादी का मोबाइल फोन (कम्पनी सैमसंग ।-13 सिम नम्बर 7247465294 रंग आसमानी) छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0-103/2025 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये सफल अनावरण हेतु प्रभारी थाना भगवानपुर द्वारा पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज संकलित कर विषलेशण किया गया जिससे पुलिस टीम को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। परिणाम स्वरूप मुखबिर की सूचना पर 28/03/25 को आरोपी अनूप पुत्र विनोद निवासी ग्राम महेश्वरी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को वादी से छीने गया मोबाईल फोन व घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 संख्या 4742 के साथ सिरचंदी वाली रोड पर बगीचा के पास तिराहे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभि0 1-अनूप पुत्र विनोद निवासी ग्राम महेश्वरी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार है। उससे मोबाईल फोन सैमसंग कम्पनी रंग आसमानी नीला 2-मो0सा0 संख्या 4742 बरामदकी है। पुलिस टीम में 1-उ0नि0 शहजाद अली थाना भगवानपुर 2-हे0का0 गीतम सिंह 3-का0 संजीव यादवख्रथाना भगवानपुर शामिल रहे।

# दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान

**रुड़की।** बच्चों के विवाद को लेकर आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

पुलिस को सूचना मिली कि मंगलौर के पीरपुरा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हो रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम उस्मान व मूसा निवासी ग्राम पीरपुरा बताए हैं। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद दोनों आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

# आईआईटी शोधार्थी की पत्नी के जेवर ब्यूटी पॉर्लर से चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** ब्यूटी पार्लर गई आईआईटी शोधार्थी की पत्नी के पर्स में रखे जेवर गायब हो गए। शोधार्थी की पत्नी ने पार्लर पर काम करने वाली एक युवती पर जेवर चोरी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं, युवती ने चोरी के आरोपों को झूठा बताया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को आईआईटी के शोधार्थी की पत्नी सच्ची सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह सिविल लाइंस स्थित एक पार्लर गई थी। इस बीच उसने कान की बाली और अन्य जेवर निकालकर पर्स में रख दिए थे। वह घर पहुंची तो पर्स से जेवर गायब मिले। आरोप लगाया कि पार्लर में काम करने वाली एक युवती ने पर्स की चेन खोलकर जेवर चोरी किए हैं। इस पर पुलिस ने आरोपी युवती और उसकी मालकिन को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया। यहां युवती ने चोरी के आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया। बताया कि जेवर महिला ने उतारकर पर्स में जरूर रखे थे लेकिन उसने जेवर चोरी नहीं किए हैं। एएसपी कुश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग का मिला नया दायित्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेडा।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने सत्यनारायण मंदिर इंटर कॉलेज मखदुमपुर झबरेड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार प्रधान के सेवानिवृत होने पर शनिवार को कॉलेज में ही विदाई समारोह आयोजित किया। जहां उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया और दीर्घायु जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रधानाचार्य मनोज सैनी, जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जितेंद्र पुंडीर, प्रधानाचार्य संजय गर्ग, अजय कौशिक, डॉ. दीपक शर्मा, मैनपाल सिंह आदि ने उनको शुभकामनाएं पर प्रेषित की।

# सामान तोड़ते समय डिब्बा फटने से कबाड़ी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के बाजुहेड़ी गांव में कबाड़ी का सामान खरीदने वाले एक व्यक्ति का बंद डब्बे को तोड़ते समय घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार दीन मोहम्मद निवासी मुजफ्फरनगर हाल निवासी मेंहवड कला लंबे समय से क्षेत्र में कबाड़ी का काम कर रहा हैं। शनिवार को वह क्षेत्र के बाजुहेड़ी गांव में एक व्यक्ति के यहां से पुराना सामान खरीद रहा था। इस दौरान एक डब्बे को तोड़ते समय उसे चोट लग गई जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। घायल को आसपास के लोगो ने उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया हैं। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।मौके पर पहुंची पुलिस से पहले ही घायल को वहां से ले जाया जा चुका था ।पुलिस ने आसपास के लोगो से घटना की जानकारी की।

# भाईचारे के साथ मनाएं ईद का त्योहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेडा।** झबरेड़ा थाने में ईद को लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों और पुलिस की बैठक आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्रवासियों को ईद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झबरेड़ा थाने में ईद को लेकर स्थानीय लोगों और पुलिस की बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय सिंह ने क्षेत्र के लोगों को बताया कि ईद का त्योहार भाईचारे का त्योहार है, इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाए। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई रविंद्र कुमार, जय सिंह, मनोज कुमार, राव कुर्बान अली, डॉ. जोध सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद अखलाक, अशोक कुमार, अरसिल कौसर, बिलाल अहमद, नरेश कुमार, शमीम अहमद, मोहम्मद फारूक, सलीम अहमद, इकबाल, अब्दुल वाजिद, अनीश अहमद आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा के बिना समृद्धि लाना है मुश्किल : डॉ. अटल बिहारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** धनौरी पीजी कॉलेज में शनिवार को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त करने, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को समझने और व्यक्तित्व विकास करने में मदद करती है। इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं को नशे का सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, भाजपा नेता ललित मोहन अग्रवाल, महाविद्यालय के सचिव आदेश कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, मुख्य वक्ता डॉ. अटल बिहारी त्रिपाठी, पंडित एलएमएस, डॉ. ईवांशु कुमार सैनी, प्राचार्य प्रो डॉ. विजय कुमार और गोष्ठी की संयोजिका डॉ. अलका सैनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना भट्ट ने किया। मुख्य अतिथि मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. पृथ्वी सिंह विकसित की स्मृतियों को वह नमन करती हैं, जिन्होंने धनौरी घाड़ क्षेत्र को संस्थान दिया। ललित मोहन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमें और सभी छात्र-छात्राओं को अपने प्राचीन ज्ञान परंपरा और विरासत को जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियों से छात्र-छात्राओं में भारतीय ज्ञान परंपरा का विस्तार होता है। मुख्य वक्ता डॉ. अटल बिहारी त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि बिना शिक्षा के समृद्धि लाना मुश्किल है। क्योंकि शिक्षा ही वह आधार है, जो व्यक्ति को ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रो. विनोद कुमार ने छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान पद्धति के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रियंका, सुनीता पासवान, सुशील कुमार को स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# 70 पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** रूडकी पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को 70 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनांक 28/3/25 को कांस्टेबल 872 गुलबहार, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी चेतक गस्त में क्षेत्र में मामूर थे कि दौराने गस्त व चेकिंग के एक व्यक्ति आयुष कटारिया पुत्र राजू निवासी बरहमपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार द्वारा स्कूटर नंबर यूके 17 6110 पर अवैध देसी शराब परिवहन करते हुए 70 पाउच देशी शराब के साथ वाल्मीकि मंदिर के पास ग्राम भगेड़ी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## समय पर खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

**रुड़की।** इस समय गन्ना समेत अन्य फसलों की बुवाई का कार्य चल रहा है। लेकिन किसान सेवा सहकारी समितियों पर उर्वरक का अभाव बना हुआ है। जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# कलियर में सड़क पर अतिक्रमण से लग रहा है जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर में सोहलपुर रोड पर अतिक्रमण होने के कारण मिट्टी के डंपर और भूसे से भरे ट्रेक्टर ट्राली के आने से सड़क पर जाम लग गया। आसपास के लोगो ने भारी मशक्त के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू करवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को कलियर में सोहलपुर रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण मिट्टी के डंपर और भूसे से भरे एक ट्रैक्टर ट्राली आने से सडक पर लंबा जाम लग गया। जिसके कारण आसपास के लोग को जाम में फंसे रहे। जाम के कारण लोगो को दूसरे रास्तो से गुजरना पड़। जाम को देख आसपास के दुकादारो स्थानीय लोगो और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू कराया।



# सरकार के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** आज खानपुर ब्लॉक में सरकार के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तहसील स्तर के सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा से राज्यमंत्री शयाबीर सैनी व रुड़की जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु ने भाग लिया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा तीन साल बेमिसाल में जो बड़े कार्य किये गए है कितने बड़े फैसले लिए उनसे आम लोगो को क्या लाभ मिलेगा इस सबकी जानकारी दी गई। सभी ने सरकार की खूबियों को गिनवाने का काम किया। कार्यक्रम में महालक्ष्मी किट वितरण भी गई। नकल विरोधी कानून विरोधी कानून से लाभ मिलेगा करीब बीस हजार युवाओं को नोकरी मिली उस संबंध में भी जानकारी दी गई। यूसीसी लागू किया जिस धर्म मे तीन शब्द बोलकर उस परिवार से दूर कर दिया जाता था समानता का अधिकार मिला हमारे यहां बेटियों को बराबर का अधिकार दिया। पुष्कर सिंह धामी सरकार ने विभिन्न योजनायें चलाई बीजेपी ने




जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई उसी का परिणाम रहा की 2024 में बीजेपी फिर सरकार बनपाई। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में उत्तराखंड में चारों धाम पर रेलवे से सफर करने में आसानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तो और भी आगे आगे देखते जाइए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कितने बड़े-बड़े विकास कार्य किए जाएंगे।

CMYK

# चीन को मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्णः मोहम्मद यूनुस

## चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर बोले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

बीजिंग, वार्ता

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि कि हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है।

हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है। इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है। मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें। रही मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



■ चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है: मोहम्मद यूनुस

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था।




म्यांमार। भूकंप प्रभावित लोगों के लिए रवाना होने से पहले राहत सामग्री के साथ गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान।

# अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर पर दो हजार से ज्यादा कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** अफगान अधिकारियों ने मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर 2,463 कैदियों को रिहा किया है। स्थानीय मीडिया 'टोलो न्यूज़' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरिम सरकार के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के आदेश के आधार पर कैदियों को रिहा किया गया और जिन कैदियों में अपेक्षाकृत हल्के मामले थे, उन्हें अफ़गानिस्तान के 34 प्रांतों की जेलों से रिहा किया गया। अफ़गानिस्तान रमजान के 29वें दिन अर्धचंद्र के दिखने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की घोषणा के बाद ईद-उल-फितर मनाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

## सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह वॉइस ऑफ अमेरिका से कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक



■ कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर कोर्ट ने झटका दिया है। संघीय न्यायालय ने देश के सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह- वॉइस ऑफ अमेरिका को सरकारी आर्थिक मदद और कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका को चुप नहीं कराया जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा। न्यायाधीश जेम्स पॉल ओटकेन ने वॉइस ऑफ अमेरिका को चलाने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को 1200 से अधिक पत्रकारों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने से रोक दिया। ओटकेन ने एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके एजेंसी को कर्मचारियों या कांट्रैक्टरों को नौकरी से निकालने, कर्मचारियों की संख्या कम करने, छुट्टी पर भेजने और किसी भी कार्यालय को बंद करने या विदेशी कर्मचारियों को अमे. रिका लौटने के लिए मजबूर करने से रोक दिया है। इसके अलावा एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया और रेडियो फ्री अफगानिस्तान सहित अपने अन्य प्रसारण आउटलेट के लिए दिए जाने वाले फंड को समाप्त करने से रोका गया है। एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधीश के आदेश के बाद रेडियो फ्री यूरोप की फंडिंग बहाल कर रही है।

जज ओटकेन ने ट्रम्प प्रशासन को एक ऐसी एजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया, जिसे कांग्रेस द्वारा वैधानिक रूप से अधिकृत और वित्त पोषित किया गया है। न्यायाधीश ने एजेंसी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कि उन्होंने अमेरिकी सरकार के वैश्विक, सॉफ्ट-पावर मेगाफोन पर प्रभावों पर विचार किए बिना रातोंरात हाथ खींच लिए। जज ने वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकारों, श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी पत्रकारिता वकालत समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के गठबंधन के बाद पिछले हफ्ते ट्रम्प प्रशासन पर कटौती को रो. कने के लिए दायर मुकदमे पर सुनवाई की। संघीय अदालत में दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि वॉइस ऑफ अमेरिका के कर्मचारियों को 15 मार्च को अपने लाइव प्रसारण समाप्त करने और फिर इमारत खाली करने के लिए कहा गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने ईमेल सहित एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच खो दी। वॉइस ऑफ अमेरिका की समाचार वेबसाइट को तब से अपडेट नहीं किया गया है। पूर्व टीवी समाचार एंकर और राजनीतिक उम्मीदवार लेक ने कहा कि वह यह निर्धारित कर रही हैं कि न्यूनतम स्टाफिंग स्तरों पर कुछ आउटलेट्स को संचालित करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है? उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को काम पर वापस लाया गया है और क्यूबा में रेडियो मार्टी सेवा शुरू कर दी गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये एजेंसियां हमारे अमेरिकी मूल्यों के अनुरूप हों। हम अमेरिका की कहानी बता रहे हैं। हम अपने विरोधियों की कहानियां नहीं बता रहे हैं। हम अमेरिका विरोधी कचरा नहीं फैलाएंगे।

### कनाडा और अमेरिका ने दोनों देशों के आपसी संबंधों पर की चर्चा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से आयात-निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक सूचना विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के आम चुनाव, जो 28 अप्रैल को निर्धारित है, के बाद नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों पर व्यापक वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बताया कि कनाडा की सरकार दो अप्रैल को अमेरिका की ओर से व्यापार संबंधी अतिरिक्त कदमों की घोषणा के बाद कनाडा के श्रमिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिशोधी शुल्क लागू करेगी।

# इजरायल ने बेरूत उपनगर को बनाया निशाना

बेरूत/पेरिस, वार्ता

■ युद्ध विराम के बाद पहली बार दक्षिणी उपनगरों में इमारत पर बोला हमला

■ मैक्रों ने की लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा

**इज़रायली** हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया। पिछले नवम्बर में युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद से यह पहला ऐसा हमला था। हवाई हमलों के तुरंत बाद इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी के पास हिजबुल्लाह से 'संबंधित ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया था। हवाई हमलों से पहले आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर निकासी अलर्ट जारी किया, जिसमें लेबनानी नागरिकों को साइट के आस-पास के 300 मीटर के क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी गई।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्राई ने स्थान को चिह्नित करने वाला एक नक्शा साझा किया और निवासियों से तुरंत खाली करने का आग्रह किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब परिवार अपने घरों से भाग रहे थे, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था, कुछ लोग जल्दबाजी में स्कूल खाली कर रहे थे। आगे भी हमले की आशंका के चलते बच्चे पजामा पहनकर निकलते देखे गए। लेबनान के शिक्षा मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्र के पास सभी सरकारी और निजी स्कूलों, माध्यमिक संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों और राफिक हरीरी विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का भी आदेश दिया। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के हवाई हमलों को 'अस्वीकार्य' और संघर्षविराम का उल्लंघन बताया। मैक्रों ने पेरिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ये हमले एकतरफा कार्रवाई हैं जो पूर्व प्रतिबद्धता को तोड़ते हैं। वह शुक्रवार की बमबारी से टूटे हुए चार महीने के संघर्ष विराम का जिक्र कर रहे थे। यह संघर्षविराम लागू होने के बाद से बेरूत पर इजरायल का पहला आक्रमण था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट हमलों के जवाब में था, जो सीमा पर तनाव बढ़ने का संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी जेलों से 223 अफगान कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 223 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने वतन वापस लौट आए हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बंदी पिछले दो दिनों में पूर्वी नंगरहार में तोरखम सीमा पार बिंदु और दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए हैं। पाकिस्तान ने पिछले साल जेल में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें स्वदेश भेजा है। गौरतलब है कि कथित तौर पर 20 लाख से अधिक अफगानिस्तानी पाकिस्तान में रह रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन सभी अफगानिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पास कानूनी यात्रा दस्तावेज और निवासी परमिट नहीं हैं।

### इराक में हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी बलों ने अनबर प्रांत के एक रेगिस्तानी इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए, साथ ही हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और रसद आपूर्ति नष्ट हो गई। जबकि इराक ने 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की।

# अमेरिका ने यमन पर किए 26 नए हवाई हमले

**सना/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर 26 नए हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा टीवी ने बताया कि दक्षिणी सना में अल-सवाद क्षेत्र पर आठ हवाई हमले किए गए और 18 हवाई हमलों में सादा और अल-जौफ प्रांतों के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इससे पहले दिन में अल-मसीरा टीवी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने भोर से पहले यमन पर 40 से अधिक हवाई हमले किए, जिसमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र और सनहान क्षेत्र में जरबन साइट के साथ-साथ उत्तरी प्रांतों में कई अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं ईरान ने यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों के जारी रहने और लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाकर किए गए नये इजरायली हमलों की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बागई ने शुक्रवार रात को जारी बयानों में यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे 'अवैध और अनुचित' बताया। उन्होंने हमलों को आपराधिक कार्रवाई कहा, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक नियमों का 'घोर उल्लंघन' है। बागई ने एक अन्य बयान में कहा कि बेरूत में आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इजरायल की 'आपराधिक कार्रवाई' को लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संघर्ष विराम समझौते के इजरायल के लगातार उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजरायली सेना ने हालांकि कहा कि बेरूत पर उसके हवाई हमलों में हिजबुल्लाह से संबंधित 'ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने कल शाम यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।



■ राजधानी सना व अन्य प्रांतों पर साधा निशाना, एक की मौत, तीन घायल

■ ईरान ने यमन पर अमेरिकी और लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की

# एलन मस्क ने एक्सएआई को बेचा 'एक्स'

## कंपनी से 33 अरब डॉलर में ऑल-स्टॉक सौदा तय हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है।

दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों की संख्या में कमी की, अभद्र भाषा, गलत सूचना और उपयोगकर्ता सत्यापन पर नीतियों में बदलाव किया और प्लेटफॉर्म को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया। एक्स को खरी. दने के एक साल बाद मस्क ने एक्सएआई की स्थापना की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनका अगला प्रमुख उद्यम था। उन्होंने एक्स पर लिखा एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है।

आज, हम आधिकारिक तौर पर डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के हमारे मूल मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी। एआई उद्योग में प्रमुखता सक्रिय मस्क खुद को एआई उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं, एक ऐसा फोकस जिसने ट्रम्प प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र दोनों से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।



# म्यांमार भूकंप से पड़ोसी चीनी प्रांत में 1700 लोग प्रभावित



■ भूकंप के बाद श्रीलंका ने म्यांमार, थाईलैंड के प्रति संवेदना व्यक्त की

**बीजिंग/कोलंबो।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से दक्षिण-पश्चिमी चीनी प्रांत युन्नान में 1,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी चीनी टेलीविजन चैनल सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। भूकंप से सीमावर्ती जिले रुइली में 458 घर प्रभावित हुए, कुल 1,705 लोग प्रभावित हुए।

दो लोग घायल हुए। कई ऊंची इमारतें और पुराने घर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी और बिजली की आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और दूरसंचार सेवाएँ बाधित हुईं। भूकंप का असर म्यांमार के पड़ोसी पांच देशों में भी महसूस किया गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग लाइंग ने कहा कि इस आपदा में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन स्थिति के रूसी मंत्रालय ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयास में म्यांमार की सहायता के लिए बचाव दल को ले जाने वाले दो विमान भेजे। वहीं श्रीलंका के विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार और पर्यटन ने एक बयान में कहा कि वह म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मंत्रालय ने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने थाईलैंड और म्यांमार में श्रीलंकाई लोगों से सतर्क रहने और यांगून और बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावासों से संपर्क करने का अनुरोध किया। इससे पहले, बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावास ने कहा कि अभी तक थाईलैंड में श्रीलंकाई नागरिकों के भूकंप से प्रभावित होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसके कारण बैंकॉक और अन्य देशों में झटके महसूस किए गए।

# पाक में चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमला विफल तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब के डेरा गाजी खान जिले में पुलिस ने एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया है और तीन हमलावरों को मार गिराया है। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 20 से 25 आतंकवादियों ने शुक्रवार रात उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे जिले में लखानी चेकपोस्ट पर हमला किया, जिसमें मोर्टार, रॉकेट लांचर, स्नाइपर राइफल और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले की तीव्रता के बावजूद, पुलिस बलों, एलीट फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन यूनिट ने जमकर मुकाबला किया, जिससे हमलावरों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

# गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिला क्षमादान

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा श्दादिसश कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था।

इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

**2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की काट रहे थे सजा**

# अनन्या से तुलना करने पर बिफरी पलक तिवारी



**मुंबई।** श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पैपराजी से इरिटेट होती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, पलक तिवारी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, तभी पैपराजी ने उनसे यह सवाल पूछा, श्आपको पलक कहें या अनन्या पांडे, हालांकि, पलक ने इस सवाल को नजरअंदाज करते हुए कोई रिएक्शन नहीं दिया। इसके बाद, पलक के एक्सप्रेशन को देखकर एक पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या आप नाराज हैं, इस पर पलक ने जवाब दिया कि आप लोग हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो, फिर पैपराजी ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' के बारे में पूछा, जिसका ट्रेलर आने वाला है। इस पर पलक हंसते हुए सिर हिलाती हैं और वहां से चली जाती हैं। साल 2023 में सलमान स्टारर श्किसी का भाई किसी की जानश से पलक तिवारी ने डेब्यू किया था। फिल्म में पूजा हेगड़े, वेंकटेश, भूमिका चावला, जगपति बाबू, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विनाली भटनागर और सतीश कौशिक भी नजर आए थे। वहीं, अब जल्द पलक फिल्म 'भूतनी' में दिखाई देंगी, जिसमें संजय दत्त, मौनी राय, सनी सिंह, आसिफ खान और बेयानिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर 30 को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर के साथ जोड़ा जाएगा।

# मां की इजाजत बगैर एक रुपया भी खर्च नहीं करतीं सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि वह अपनी मां की इज्जत के बिना एक रुपया भी खर्च नहीं कर सकतीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका गूगल पे अकाउंट उनकी मां के अकाउंट से लिंडीएम है और ओटीपी भी उनके पास आते हैं। सारा अली खान ने कहा कि मैंने सीखा है कि छोटी-छोटी चीजों को आपको अलग-अलग जगहों पर निवेश करना चाहिए। मेरी मां मेरा फाइनेंशियल अकाउंट हैंडल करती हैं। मेरा गूगल पे अकाउंट भी उनके साथ लिंडीएम है और ओटीपी उनके पास आते हैं। मैं बिना उनसे ओटीपी लिए टिकट बुक नहीं कर सकती। इसी वजह से उन्हें हमेशा पता होता है कि मैं कहां हूं। सारा ने आगे कहा कि मैं जानती हूं और ध्यान रखती हूं कि मैं अपना पैसा कहां खर्च करती हूं। मुझे पैसे का बेवजह खर्च करना पसंद नहीं है, लेकिन हां, मुझे लगता है कि थोड़ी बहुत शापिंग या सेलिब्रेशन में कोई हर्ज नहीं है, अगर आप चाहें तो। हालांकि, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, तो मैं यात्रा के लिए अपने पैसे बचाती हूं। कपिल शर्मा के शो में सारा अली खान ने बताया था कि वह अपनी मां को महंगी चीजें खरीदने से रोकती हैं। जैसे कि एक बार उनकी मां 1600 रुपये का तौलीया खरीद लाई थीं, तो सारा ने उन्हें डांटते हुए कहा कि ऐसा खर्च करना ठीक नहीं है। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म श्केदारनाथश से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की श्स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।







## सलमान ने बताई पेरेंट्स की शादी की सबसे बड़ी रुकावट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकार सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच सलमान ने अपने पिता सलीम खान और मां सलमा खान की शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता के रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या उनका धर्म नहीं, बल्कि उनके पिता का प्रोफेशन था। खान ने कहा कि भले ही उनके माता और पिता अलग-अलग धर्मों से हों, लेकिन उनकी शादी में ए कोई खास मुद्दा नहीं था। असली समस्या ए थी कि उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। सलमान ने बताया कि उनकी मां के परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में उनके भविष्य को लेकर चिंता थी। उन्हें लगता था कि ये एक परमानेंट करियर नहीं है।




## आलिया भट्ट को पसंद नहीं, बदल गई हो कहना



**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में शेयर किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि लोग उनसे बोले कि वह काफी बदल गई हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि हमेशा एक ही व्यक्ति बने रहना काफी खराब और मुश्किल है। आलिया का कहना है कि जिंदगी में बदलाव होना अच्छा है।

आलिया भट्ट ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें कौन-सी बात सबसे ज्यादा नाप. संद है। सवाल का जवाब देते हुए आलिया ने कहा कि एक बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है, वो है लोगों का मुझसे कहना, 'अरे, तुम बदल गई हो।' मेरे हिसाब से यह ठीक है, मुझे लगता है कि समय के साथ बदलना अच्छा है। 16 साल की उम्र में आप जो थे, वही बने रहना डरावना है।' आलिया भट्ट ने इस बातचीत के दौरान कहा कि ऐसी कई बात हैं, जो वह चाहती थी कि इंडस्ट्री में आने से पहले कोई उन्हें बताता।































